



# हरिभूमि रायपुर भूमि



## मंदिर हसौद ब्रिज डामरीकरण हुआ नहीं और आवाजाही शुरू

**रायपुर।** राजधानी से सटे मंदिर हसौद चौक में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। फ्लाईओवर में लोड टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है। लोड टेस्टिंग होने के बाद डामरीकरण का काम किया जा रहा है। डामरीकरण होने के पूर्व ही फ्लाईओवर में गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई है। इसके कारण धूल का गुबार उड़ रहा है। एनएचएआई अथारिटी के अनुसार आगामी 30 अगस्त से फ्लाईओवर में आवाजाही शुरू हो सकती है। फ्लाईओवर 13 मीटर चौड़ा तथा 800 मीटर लंबा है। फ्लाईओवर में आवाजाही शुरू होने के बाद से राजधानी की ओर से जाने वाली गाड़ियां ऊपर से निकल जाएंगी। नवा रायपुर के साथ ही मंदिरहसौद के आसपास के गांव बरौदा, रिको, नकटी, सेन, चीचा, कयाबांधा, नकटा, दरबा, छतौना, बखतरा, कुरुद, मुरेठी, चंद्रखुरी, सोनपैरी समेत दो दर्जन से अधिक इलाके के लोगों को फायदा होगा।

## खबर संक्षेप

### ठगी और रेप का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** युवती से सोशल मीडिया में दोस्ती कर अपने आपको पीडब्लूडी का इंजीनियर बताकर शादी करने का झांसा देकर रेप तथा सवा चार लाख की ठगी के आरोप में पुरानी बस्ती पुलिस ने बिलासपुर, तखतपुर निवासी जयप्रकाश बघेल को गिरफ्तार किया है। जय प्रकाश राजनांदगांव जेल में ठगी के आरोप में बंद था, जिसे पुलिस प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार कर लाई है। जालसाज पिछले वर्ष युवती को झांसे में लेकर पैसों की जरूरत बताकर नकदी तथा उसके जेवर लेकर रफूचक्कर हो गया था। पैसा मांगने का दबाव बनाने पर जय प्रकाश युवती को अपने साथ भाठागांव स्थित फ्लैट में ले गया और वहां रेप किया।

### युवक की हत्या चार गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने की पुलिस ने हत्या के आरोप में फरार चार भाइयों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या के आरोप में दो आरोपियों को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। सुनील राव की हत्या के आरोप में पुलिस ने शिव नारायण, शिवा, तरुण तथा अरुण यादव को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार राहुल तथा ओम प्रकाश यादव सहित छहों ने मिलकर 19 जुलाई को सुनील की कुल्हाड़ी तथा रॉड से हमला कर हत्या कर दी थी।

### पेशे से ट्रांसपोर्टर मुकेश सिंह नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती होने के बाद भी नहीं छोड़ पाया ड्रग

# दोस्तों के साथ शराब पीते-पीते ड्रग एडिक्ट हुआ, फिर बन गया तस्कर

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार में पिछले दिनों एक करोड़ रुपए के ड्रग जब्ती के मामले में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस ने ड्रग तस्करी करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें सोवित श्रीवास्तव सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट जज का पोता है। इसके अलावा पुलिस ने जिन लोगों को ड्रग तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, उनमें जुनैद उर्फ सैफ चिला को छोड़ शेष सभी ड्रग तस्करी करने के साथ ड्रग एडिक्ट हैं। पाकिस्तान से ड्रग मंगाने वाला लवजीत पूर्व में ड्रग एडिक्ट रहा है। एडिक्ट होने के बाद वह नशे का कारोबार करने वाले नेटवर्क के संपर्क में आया और मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो गया।

पुलिस के अनुसार लवजीत का एक मोबाइल जिसमें सिम नहीं लगा था, उसे वह वाईफाई से कनेक्ट कर चलाता था। लवजीत उस मोबाइल को थंब इंप्रेशन से चालू करता था। मोबाइल जब्ती के बाद उस मोबाइल का लॉक खोलने लवजीत का थंब इंप्रेशन से खोलने की कोशिश की, तो उसने पुलिस को गुमराह करने प्रोसेस चालू करना भूल गया कह रहा है। पुलिस को आशंका है कि उस थंब इंप्रेशन वाले मोबाइल में लवजीत का किन लोगों के साथ संपर्क था, उनके कौन-कौन ग्राहक थे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मिल पाएगी। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### एक साल में तीन करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्रग खपाने के प्रमाण मिले



रायपुर में पकड़ी गई एक करोड़ की ड्रग्स, पाक कनेक्शन आया सामने

मिले कई नंबर, एक आरोपी क्लबों में ड्रग खपाने का काम करता था

### यूपीआई से मिली जानकारी

पुलिस के अनुसार ड्रग तस्कर अपने ग्राहकों से सीधे संपर्क करने के बजाय ड्रग उपलब्ध कराने ऑनलाइन पेमेंट मंगाते थे। पुलिस ने तस्करों के ऑनलाइन पेमेंट की जानकारी जुटाई, तो उसमें ढाई से तीन करोड़ रुपए का पेमेंट आने की जानकारी मिली है। तस्कर अपने किसी बेहद करीबी लोगों को ही कैश में ड्रग उपलब्ध कराने का काम करते थे।

### ड्रग नहीं मिलने पर बेचैन हो गए थे

ड्रग तस्करों को पुलिस ने अलग-अलग तारीखों में गिरफ्तार किया है। पुलिस जिन-जिन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने गई, वे सभी ड्रग के नशे की हालत में मिले। हिरासत में लेकर पुलिस ड्रग तस्करों से पूछताछ कर रही थी। इस दौरान ड्रग तस्करी के साथ ड्रग का सेवन करने वाले तस्करों ने पुलिस को बताया कि ड्रग नहीं मिलने पर उनके हाथ-पैर में ऐंठन होने लगते हैं। इस वजह से वे चाहकर भी ड्रग नहीं छोड़ पा रहे। ड्रग नहीं मिलने पर एडिक्ट को ऐसा लगता है मानों वे पंखे से लटककर या छत से कूदकर खुदकुशी कर ले। पूछताछ के दौरान ड्रग नहीं मिलने से एक ड्रग तस्कर की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसे उपचार कराने पुलिस को अस्पताल ले जाना पड़ा। क्लब या पार्टी में सैफ चिला के संपर्क में आने वाले लोगों से पुलिस पूछताछ करेगी।

### अकाउंट डिटेल के लिए बैंक को पत्र

ड्रग तस्करों के लेन-देन की जानकारी जुटाने पुलिस उनके अकाउंट की जांच कर रही है। तस्करों से पुलिस को जो एकाउंट डिटेल मिले हैं, उन अकाउंट के बारे में जानकारी जुटाने पुलिस ने संबंधित बैंक को पत्र लिखा है। बैंक डिटेल आने के बाद पता चल पाएगा कि ड्रग तस्करों से ड्रग खरीदने वाले कितने लोग थे और साथ में ड्रग बेचने वाले अन्य लोगों के बारे में पुलिस को जानकारी मिल पाएगी।

### तस्करों की सूची में और नाम जुड़ सकते हैं

हेरोइन चिट्टा एक ऐसा मादक पदार्थ है, जिसे दो से तीन बार सेवन करने के बाद कोई भी इसका एडिक्ट हो सकता है। पकड़े गए ड्रग तस्करों में ज्यादातर रसूखदार तथा संपन्न परिवार के लोग हैं, जिनका क्लबों तथा बड़ी पार्टियों में शामिल होना आम बात है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पकड़े गए ड्रग तस्कर बड़ी पार्टियों में शराब पीने-पिलाने के दौर के बाद ड्रग निकालते थे और अपने शिकार को ड्रग सेवन करने प्रेरित करते थे। दूसरी बार उन्हें कम कीमत पर आसानी से उपलब्ध कराते थे। तीसरी बार ड्रग मांगने पर बहाने से मोटी रकम मांगते थे। रकम नहीं देने की स्थिति ▶▶| शेष पेज 13 पर

### जुए की रकम में गड़बड़झाला

# तीन आरक्षक निलंबित टीआई लाइन अटैच

- हारे हुए जुआरियों ने पुलिस को दी थी जुए की सूचना
- पुलिसकर्मी जब्त रकम साढ़े 10 लाख थाने में जमा करने के बजाय गोलमोल जवाब देते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र के एक फार्महाउस में जुए की रकम साढ़े 10 लाख रुपए को गड़बड़झाला करने के आरोप में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने तीन आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। साथ ही टीआई को लाइन अटैच करते हुए विभागीय जांच करने के आदेश दिए हैं। जुए की रकम में गड़बड़ी करने का मामला शनिवार देर रात का है। जुए की रकम में गड़बड़ी करने के आरोप में एसएसपी ने हेड कांस्टेबल रमेश राठौर, आरक्षक हेमंत राठौर तथा शिव निराला को निलंबित किया है। इसके साथ ही माना टीआई यमन देवांगन को लाइन अटैच किया है।

घटना दिनांक को दीया कैफे के पीछे एक फार्महाउस में जुआ संचालित होने की पुलिस को जानकारी मिली। पुलिस को जुआ संचालित होने की जानकारी जुआ में हारे हुए जुआरियों ने दी थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एक जुआरी को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास साढ़े 10 लाख रुपए मिले। रकम के स्त्रोत के बारे में पूछे जाने पर युवक पुलिस को कोई ठोस जवाब नहीं दे पाया। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने बगैर लिखा-पढ़ी के वह रकम जब्त कर अपने पास रख ली।

### ऐसे खुली पोल

*सूत्रों के मुताबिक हारे हुए जुआरियों तथा जुआ की फड़ में छापे की कार्यवाई करने पहुंची पुलिस के बीच समझौता हुआ था कि जुए की रकम बरामद होने पर उन्हें भी हिस्सा दिया जाएगा। रकम जब्ती करने के बाद पुलिस ने हारे हुए जुआरियों को पैसा देने के बजाय चलता कर दिया। इस पर किसी हारे हुए जुआरी ने घटना की जानकारी पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दी। उच्चाधिकारियों ने थाने के टीआई से पूछताछ की, तो उन्होंने उन्हें गोलमोल जवाब दिया। इसीलिए टीआई को एसएसपी ने लाइन अटैच किया है। किस फार्महाउस में जुआ संचालित किया जा रहा था, फार्म हाउस में कौन लोग जुआ खेल रहे थे, पुलिस ने उन जुआरियों के नामों का अब तक खुलासा नहीं किया है।*

# कालीबाड़ी में नहीं सजेगी स्थल झांकी, पुरानी कई समितियों ने भी की तौबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बढ़ते बाजार और जमीन की मारामारी के बीच गणेश उत्सव के पुराने दौर की यादें

इस बार कालीबाड़ी की 40 साल से ज्यादा पुरानी जय भोले गणेश उत्सव समिति के पंडाल में लोगों को टाइटेनिक, चंद्रयान और आईएनएच विक्रांत जैसी आकर्षक स्थल झांकी के साथ शहीदों की यादों से भी लोग नहीं जुड़ पाएंगे। जगह के अभाव में इस बार समिति गणेश स्थापना के साथ ही परंपरा निभाने वाली है। कई समितियों ने राज्य बनने के बाद जन सहयोग और जगह देने में आई दिक्कतों के कारण स्थल झांकी सजाना ही बंद कर दिया है।

कालीबाड़ी जय भोले गणेशोत्सव समिति के संरक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि सबसे पहले पुलिस लाइन के पास गणेश उत्सव के साथ शौर्य को समर्पित स्थल झांकी भी सजाई जाती थी। इसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगती थी। उस जगह पर अब नया निर्माण करने की प्रक्रिया के कारण स्थल झांकी सजाने में दिक्कत आ रही है। आगामी वर्ष में दोबारा उत्सव को रूप देने के लिए जगह तय करेंगे। स्थल झांकी में टाइटेनिक, चंद्रयान, आईएनएच विक्रांत जैसे शौर्य के प्रतीक को समिति के माध्यम से स्थल झांकी का हिस्सा बनाया जाता था। इस बार गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।



### इन क्षेत्रों में अभी तक परंपरा कायम

इस गणेश उत्सव में गुढ़ियारी, लाखेनगर के साथ ही गोलबाजार और टिकरापारा क्षेत्र में स्थल सज्जा की तैयारी है। कम जगह में ही लोग अलग-अलग स्वरूप में स्थल सज्जा के माध्यम से पंडालों को खास भी बनाने वाले है। पुरानी समितियों में गुढ़ियारी की चर्चित समिति अभी तक स्थल सज्जा से जुड़ी परंपरा को निभा रही है। वहीं सदर बाजार समिति से जुड़े हरख मालू ने बताया कि पहले लोग महीनेभर पहले तय होने वाली थीम के दायरे में आने वाले दुकान-मकानों की छत, बरामदे और आफिस भी गणेश पंडाल सज्जा के लिए देते थे, अब स्थिति बदल चुकी है।

### जगह और सहयोग से होती थी सजावट

हलवाई लाइन व्यावसायिक गणेशोत्सव समिति और सदर बाजार गणेशोउत्सव समिति के सक्रिय सदस्य हरख मालू ने बताया कि तीन दशक पहले लोग गणेश उत्सव में स्थल झांकी के लिए दुकान-मकान की छत, बरामदे ही नहीं, आफिस भी खाली कर देते थे। जन सहयोग से पर्याप्त जगह मिलने से स्थल सज्जा का चलन था। हलवाई लाइन, सदर बाजार के लोग हर साल बेहतर स्थल सज्जा करने के लिए समिति के साथ क्षेत्र के लोगों को शामिल करते थे। राज्य बनने के बाद जगह का ऐसा अभाव हुआ कि प्रतिमा स्थापना करके उत्सव और आस्था के महोत्सव से लोग जुड़ने लगे हैं। पहले स्थल झांकी करने के लिए कोलकाता से दो महीने पहले ही कारीगर बुलाते थे।

### बारिश की गतिविधि में आज से बढ़ोतरी होने की संभावना

# भारी उमस ने किया हलाकान और शाम होते ही बरस पड़े बादल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी उमस से लोगों को हलाकान करने के बाद बुधवार को शाम होते ही बादल कई इलाकों में बरस पड़े। बुधवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। गुरुवार से प्रदेश में बारिश की मात्रा और क्षेत्र में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

अभी मानसून द्रोणिका का एक छोर हिमालय की तराई में मौजूद है, जिसके वापस आने की संभावना बन रही है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से दक्षिण पूर्व बांग्लादेश तक उत्तर गंगेटिक पश्चिम बंगाल में मौजूद है। इन सभी सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी होने की संभावना बन रही है। शुक्र और शनिवार के दिन राज्य में व्यापक रूप से बारिश होने का अनुमान है।

### नमी का असर

अभी प्रदेश में पानी सीमित इलाकों में ही बरस रहा है। वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से उमस की परेशानी बढ़ी हुई है। दिन के साथ रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक हो गया है। बुधवार को दिनभर गर्मी रहने के बाद शाम होते ही छाए बादलों में गड़गड़ाहट शुरू हुई और शहर विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग मात्रा में बारिश होती रही। पिछले चौबीस घंटे में जगदलपुर इलाके में 4 सेमी. सर्वाधिक बारिश हुई।

# नैक की टीम का सवाल- लैब कैसा..? छात्रों ने कहा- उपकरण एडवांस नहीं मगर प्रैक्टिस के लिए काफी

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के निरीक्षण के लिए पहुंची नैक की टीम बुधवार को भूतपूर्व और वर्तमान छात्रों से रूबरू हुई। नैक प्रतिनिधियों के सवाल पर छात्रों ने बताया कि लैब के उपकरण एडवांस नहीं हैं... मगर प्रैक्टिस करने के लिए काफी हैं। नैक की टीम को अन्य सवालों के जवाब भी संतोषपूर्ण मिले। ज्यादातर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रति अपनी आस्था जताई। नैक की टीम गुरुवार को प्राध्यापकों और अन्य स्टॉफ के साथ संवाद करेगी।

नैक की पांच सदस्यीय टीम मंगलवार को विश्वविद्यालय पहुंची थी और विभिन्न बिंदुओं के आधार पर यहां मौजूद सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। प्रथम दिवस लैंग्वेज लैब, मनोविज्ञान विभाग सहित कई अन्य विभागों का निरीक्षण किया गया था। बुधवार को टीम के सदस्यों ने छात्रों से सीधे वार्ता कर जमीनी स्तर पर मौजूद सुविधाओं के बारे में जानने का प्रयास किया। विश्वविद्यालय में जरूरत के हिसाब से बदलाव के बारे में पूछे गए सवाल पर छात्राओं ने सिक्योरिटी बढ़ाने और हॉस्टल से विभाग तक के रास्तों में सीसीटीवी इंस्टाल करने की आवश्यकता बताई। नैक की टीम को अन्य विश्वविद्यालय की तुलना में रविवि के छात्रों ने ग्रामीण इलाके के विद्यार्थियों के लिए काफी किफायती बताया। कला संकाय के विभागाध्यक्ष की भूमिका के सवाल पर ही विद्यार्थियों का जवाब संतोषजनक रहा।निरीक्षण और विभिन्न ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नियमित कुलसचिव सहित 6 कमियों को दूर करने की मांग



### नैक टीम से मिलने पहुंचे छात्र नेता कुलपति को ज्ञापन सौंपकर लौटे

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दौरे पर आई नैक टीम से मिलने पहुंचे एनएसयूआई के छात्र नेताओं को कुलपति को ज्ञापन सौंपकर लौटना पड़ा। छात्रों ने विश्वविद्यालय में नियमित कुलसचिव के साथ आधा दर्जन कमियों को दूर करने की मांग की है। एनएसयूआई के रायपुर जिला अध्यक्ष शांतनु झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल विवि पहुंचा, मगर नैक प्रतिनिधियों की व्यस्तता के कारण मुलाकात नहीं हो सकी। छात्र नेताओं ने इसके बाद एमबीए विभाग में जाकर कुलपति से मुलाकात की। छात्र संगठन ने सौंपे ज्ञापन में मांग ▶▶| शेष पेज 13 पर

### विद्यार्थियों ने रविवि को दिया ए-प्लस

*नैक की टीम ने विभिन्न सवालों के बीच विद्यार्थियों से नये और पुराने अनुभव के आधार पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को ग्रेड देने पर जोर दिया। टीम के सामने मौजूद ज्यादातर विद्यार्थियों ने प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षण संस्थान के प्रति अपना पूरा समर्पण दिखाते हुए ए-प्लस ग्रेड देने की बात कही। अधिकतर विद्यार्थियों के हास्टल से बाहर पीजी में रहने के सवाल पर विद्यार्थियों का तर्क था कि यहां देर शाम गेट बंद हो जाता है। अधिकतम विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और अपने स्वयं के कुछ काम करने के लिए स्वतंत्र आवास की आवश्यकता रहती है।*

### बरती जा रही गोपनीयता

*कुछ समय पहले ग्रेडिंग के लिए नैक टीम पर लेनदेन के आरोप लगे थे, जिसके बाद निरीक्षण में काफी गोपनीयता बरती जा रही है। उससे रविवि प्रबंधन ने अनावश्यक मेलजोल से दूरी बनाई गई है। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में फोटोग्राफी प्रतिबंधित है। निरीक्षण के लिए पहुंची टीम में एक सदस्य तमिलनाडु, दूसरा कोल्हापुर विश्वविद्यालय और तीसरा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबंधित है।*

# अगले साल बंद हो जाएगा कुम्हारी टोल प्लाजा, गडकरी ने बृजमोहन को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के निरंतर प्रयास का बड़ा परिणाम सामने आया है। केंद्र सरकार ने कुम्हारी टोल प्लाजा को जून 2026 से पूर्ण रूप से बंद करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वयं पत्र लिखकर अग्रवाल को जानकारी दी है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

जून 2026 तक पूर्ण होगा औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास





### बृजमोहन ने जताया आभार

श्री अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला छत्तीसगढ़ वासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे लोगों का समय, ईंधन और पैसा तीनों की बचत होगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि देशभर में फास्टैग-आधारित प्रणाली के अंतर्गत बिना रुके टोल वसूली प्रणाली को लागू किया जा रहा है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# 7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY

# रक्षाबंधन रिश्तों का स्वाद अनंतरा के साथ

## ANANTRA MART™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS

सब के लिए सब कुछ

Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us

**Offer Valid Till 07th to 17th Aug. 25 for Limited Stock***

BUY 1 GET 1 FREE — भारतीय मिठाईयां, नमकीन, एवं कुकीज

**EXCLUSIVE OFFER** Purchase ₹1999* Get ₹1 WATER BOTTLE

**EXCLUSIVE OFFER** Purchase ₹4999* Get ₹1 Tiffin Box

| उत्पाद | MRP | अनंतरा मूल्य |
|---|---|---|
| शक्कर 1 किलो | | ₹45 |
| तुअर दाल रेगुलर 1 किलो | | ₹96 |
| सोपरालाइफ रिफाइंड सनफ्लावर तेल 850 ग्राम | ₹168 | ₹131 |
| सिल्वर कॉइन आटा 5 किलो | ₹300 | ₹195 |
| बीकाजी बीकानेरी भुजिया 1 किलो | ₹350 | ₹213 |
| पारले जी गोल्ड 2 किलो | ₹320 | ₹210 |
| पारले रस्क 1 किलो | ₹240 | ₹179 |
| काजू 250 ग्राम | | ₹239 |
| बादाम 250 ग्राम | | ₹209 |
| किशमिश 250 ग्राम | | ₹129 |
| ब्रूक ब्रॉंड रेड लेबल चाय 1 किलो | ₹560 | ₹390 |
| वाघ बकरी नवचेतन चाय 1 किलो | ₹240 | ₹185 |
| गिट्स गुलाब जामुन 500 ग्राम | ₹245 | ₹175 |
| अग्रवाल 420 खमण ढोकला 500 ग्राम | ₹136 | ₹95 |
| नाकोड़ा रसगुल्ला 1 किलो | ₹240 | ₹105 |
| नाकोड़ा गुलाब जामुन 1 किलो | ₹250 | ₹110 |
| चिंतम सोनपापड़ी 400 ग्राम | ₹150 | ₹70 |
| परिवार बेसन लड्डू 400 ग्राम | ₹240 | ₹90 |
| बोंज़ेलो मिक्स कूकीज | | UP TO 20%* OFF |
| कैडबरी सेलिब्रेशन | | UP TO 20%* OFF |
| ब्रिटानिया ट्रीट वेनीला क्रीम बिस्कुट 515 ग्राम | ₹180 | ₹B1G2 |
| पतंजलि आटा नूडल्स चटपटा, 280 ग्राम | | ₹51 |
| रियल जूस मिक्स* 1 लीटर | ₹130 | ₹B2G1 |
| कोल्ड्रिंक्स मिक्स* 2 लीटर | ₹100 | ₹69 |
| क्लोज़अप ट्रिपल फ्रेश टूथ पेस्ट 150+150 ग्राम | ₹240 | ₹160 |
| ओडोनिल नीम एयर फ्रेशनर 4 पैक | ₹220 | ₹105 |
| फियामा जेल बार 3 पैक | ₹210 | ₹139 |
| सर्फ एक्सेल इज़ी वाश 7 किलो | ₹1030 | ₹669 |

# अनंतरा मार्ट का दुबई ऑफर फिर से 2.0

₹1799* में कूपन पाओ और दुबई जाओ

**यह स्कीम 16 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक**

| कूपन | उपहार |
|---|---|
| 20 कूपन पर | कुकर (2 लीटर) |
| 50 कूपन पर | इंडेक्शन |
| 75 कूपन पर | मिक्चर ग्राईंडर + 2 जार |
| 100 कूपन पर | ट्राली बैग (3 पीस सेट) |
| 200 कूपन पर | कान्हा किसली (5 स्टार पैकेज) |
| 400 कूपन पर | गोवा (3 नाईट) |
| 700 कूपन पर | दुबई (3 नाईट) |

Khanna

जगह एवं फेन्चाइज़ी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें :- 799 2799 220

गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071

जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072

शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073

लितिषा बिज़नस पार्क, रायपुर रोड, बेमेतरा, मो. 9689968941

Customer Care : 7992 7992 20

FREE HOME DELIVERY

*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं। ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

## खबर संक्षेप



### खाद्य विभाग की दबिश होटलों से लिया सैंपल

**अभनपुर।** बने खाबो बने रहिबो अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियो ने अभनपुर क्षेत्र के होटल,ढाबा रेस्टोरेन्ट,मिठाई दुकानो मे पहुंचकर खाद्य पदार्थो का सैम्पल लेकर ऑन द स्पॉट जांच कर रहे है,किचन की साफ सफाई से लेकर खाने पीने का सामानो का सेम्पल लेकर जांच के साथ ही नये खाद्य अधिनियम की जानकारी भी दी जा रही है। इस संबंध मे खाद्य अधिकारी सर्वेश यादव ने कहा कि खाने पीने के सामान मे लापरवाही बतरने वाले संचालको के विरूद्ध कार्यवाही के साथ ही दूषित भोजन से होने वाली बीमारी के बारे मे भी जागरूक किया जा रहा है तथा जांच के दौरान किसी प्रकार का मिलावट व असुरक्षित खाद्य सामग्री मिलने पर कार्यवाही भी की जा रही है।

### नहरों से शीघ्र सिंचाई पानी देने की मांग उठी

**आरंग।** वर्षा न होने से खेतों का पानी सूख गया है जिससे कृषि कार्य प्रभावित तो हो ही रहा है, साथ मे निंदाई करने खाद डालने मे रूकावट हो रहा है। सिंचाई विभाग प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को नहरों से पानी देता था, पर इस वर्ष बीस दिन पहले ही धान बुवाई होने के कारण उन्हें 1 अगस्त को नहरों से पानी आपूर्ति चालू कर देना था।

कार्रवाई : आरोपियों ने शराब पी और कानून की खिल्ली उड़ाते वीडियो बनाया और स्वयं वायरल किया

# जेल से छूटने के बाद की गुंडागर्दी, पुलिस ने 4 आरोपियों का निकाला जुलूस, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं। पुलिस का खौफ कम होने से अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने न सिर्फ पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए, बल्कि अपराधियों के बेखौफ रवैये को भी उजागर किया।

- पुलिस ने असामाजिक तत्वों को समझाइश और चेतावनी दी

गुंडों की चुनौती, सोशल मीडिया पर मेरे 'मामा- जेल में दादा' है का जिक्र किया गया जो पहले ही गांजा तस्करी के आरोप में जेल में बंद है।

यंहा पर बताना आवश्यक होगा कि यह मामला लगभग पंद्रह दिन पहले धरसींवा के देवरी गांव से शुरू हुआ, जब कुछ युवकों ने गांव के ही बंसी साहू के घर में घुसकर उनसे बेरहमी से मारपीट की। घटना के बाद, पुलिस ने नाटकीय ढंग से कार्रवाई करते हुए तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी फरार था।

कहानी में मोड़ तब आया, जब जेल से छूटे दोनों आरोपी फरार आरोपी के साथ फिर से सक्रिय हो गए। इन तीनों ने मिलकर एक वीडियो बनाया, जिसमें वे शराब पीते हुए नाच रहे थे। इस वीडियो को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया, जिसमें लिखा था, जेल में हमारे मामा दादा हैं और यह वीडियो जेल से हम बनाए हैं। इस पोस्ट के जरिए आरोपियों ने दावा किया कि उनके रिश्तेदार जेल में बन्द है वह बड़ा दादा है जिसके रहते उन्हें कोई डर नहीं है। हालांकि, इस वीडियो के जेल के अंदर होने की पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन इस पोस्ट ने पुलिस, मीडिया और आम जनता को खुली चुनौती दी।



### कार्रवाई जारी रहेगी

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने कहा कि कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों गिरफ्तार कर सबक सिखाया है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पुलिस ने फौरन की कार्रवाई

सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो को देखकर धरसींवा पुलिस ने इसे अपने सम्मान पर लिया। पुलिस ने चुनौती स्वीकार करते हुए फरार चल रहे मुख्य आरोपी समेत दो अन्य को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, पुलिस ने इन चारों बदमाशों को सबक सिखाने के लिए उनका धरसींवा के मुख्य मार्ग पर जुलूस निकाला। इस दौरान, गुंडों की अकड़ साफ दिखाई दे रही थी। वही एक अन्य मामलों में ग्राम मोहदी से भी एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया था और चारो बदमाशों का जुलूस निकाला गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में केवल साहू (मोहदी), सत्यनारायण साहू तथा ग्राम देवरी के युगल कुमार दुबे, और विक्की सिंह को जेल भेज दिया गया है।

# दूषित पानी से 20 गायों की मौत, जांच के आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर मे फैक्ट्री का दूषित पानी पीने से 20 से अधिक गायो की मौत हो गई है जिससे ग्रामीणो मे भारी आक्रोश व्याप्त है, नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा,इंजीनियर दुष्यंत चौहान,नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,पार्षद नीलकमल गिलहरे,बीरेन्द्र प्रताप सिन्हा,पार्थ वैष्णव,हिम्मत सिंह,सुशीला हरवंश,धनेश्वर साहू,अप्पू तिवारी आदि जनप्रतिनिधि व अधिकारी फैक्ट्री कैम्पस मे घटना स्थल का मुआयना करने करने गये थे इस पर कंपनी प्रबंधन द्वारा 15-20 गायो की मौत होने की बात स्वीकार किया गया है,फैक्ट्री मे सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई उपाय नही किया गया है केमिकल युक्त पानी बाहर मे बहता हुआ पाया गया है इतनी बड़ी घटना के बाद भी कोई फैक्ट्री प्रबंधन पर अब तक कोई कार्यवाही नही की गई है। इस संबंध मे नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षदो ने फैक्ट्री प्रबंधन पर आक्रोश जाहिर करते कहा कि विगत वर्ष 2012-13 मे प्रबंधन के लापरवाही के चलते कई श्रमिको की मौत हो गई थी फिर भी व्यवस्था मे किसी प्रकार का सुधार किये बिना उसी स्थिती मे फैक्ट्री को चालू कर दिया गया है पता चला है कि वह अकुशल कामगारो को डेली विजेस मे रखकर एक्सप्लोजिव बनाने का कार्य करवाया जा रहा है इससे ऐसी घटनाओ की पुनरावृत्ति हो सकती है,गायो की मौत के मामले मे फैक्ट्री प्रबंधन के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करते हुये कठोर कार्यवाही की मांग किया गया है। इस संबंध मे एसडीएम रविसिंह से चर्चा करने पर उन्होने कहा कि फैक्ट्री मे गायो की मौत होने की जानकारी मिली है तहसीलदार की उपस्थिती मे पशु चिकित्सक मौके मे जाकर जांच करने का निर्देश दिया गया है,पीएम रिपोर्ट उपरांत आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# अस्पताल व स्कूलों का किया जनपद सदस्य ने निरीक्षण

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग की सक्रिय जनपद सदस्य पदमिनी साहू ने बुधवार को क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गनौद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोनों विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य ने स्कूल में पेयजल व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, कक्षाओं की स्थिति और शिक्षकों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बच्चों से सीधे बात कर उनकी समस्याएं जानीं। हायर सेकंडरी के बच्चों ने बताया कि विद्यालय में प्राथना सेड बनाने व शौचायल की हालत भी सुधार की माँग व स्वास्थ केंद्र में एक पुरुष कर्मी की आवश्यकता बताया।श्रीमती साहू ने मौके पर ही समस्याओं के त्वरित समाधान की बात कही। उन्होंने कहा कि /"शिक्षा के साथ बच्चों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण देना हमारी पहली प्राथमिकता है।



## कथाओं से जन मानस में भक्ति का होता है संचार

**आरंग।** प्रत्येक प्राणी अविनाशी परमात्मा का ही अंश है चराचर जगत के जीव माया के अधीन हैं किंतु माया परमात्मा के अधीन है अतः जो जीव प्रभु की शरण लेता है वह माया से मुक्त हो जाता है। उक्त प्रेरक विचार भागवत प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान के हैं। वे ग्राम देवरी में रविवार को आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर जन मानस को संबोधित कर रहे थे। आचार्य श्री ने कहा कि मन ही मनुष्य के बंधन व मुक्ति का कारण है, जैसे नट कठपुतली को नचाता है ठीक ऐसे ही माया जीव को नचाती है और जीव प्रभु से विमुख होकर क्लेश पाता है किंतु जो ईश्वर के चरणों का आश्रय लेता है, वह संसार के बंधनों को मुक्त हो जाता है। ईश्वर का स्मरण ही सच्ची संपति व उन्हें भूल जाना सबसे बड़ी विपत्ति है। आचार्य श्री के साथ पं. सत्यम दीवान, कमलेश पटेल, सन्नी देवदास संगीत पक्ष में संगत कर रहे थे। इस कड़ी में जिला मानस संघ के हीरालाल साहू, अशोक साहू, सीताराम शरण, अवध विश्वकर्मा, संगीतकार अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



# 41 करोड़ रुपए की लागत से कुंरा में बनेगा गौरव पथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/कूंरा

छत्तीसगढ़ सरकार ने कुंरा नगर पंचायत के लिए 41 करोड़ रुपये की लागत से गौरव पथ के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य सिर्फ यातायात सुविधा बढ़ाना नहीं, बल्कि कुंरा के सौंदर्य और पहचान को भी निखारना है। नगर की प्रमुख सड़कों को चौड़ा और हाईटेक बनाया जाएगा। सड़क के दोनों किनारों पर डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइटें, छायादार पेड़, आधुनिक फुटपाथ और बैठने की व्यवस्था की जाएगी। बेहतर वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज) प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग से नगर का व्यवसाय बढ़ेगा और बाहर से आने वाले लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

### जनता और जनप्रतिनिधियों में उत्साह

*इस घोषणा से नगरवासियों में भारी उत्साह है। आम जनता से लेकर व्यापारी वर्ग और युवा तक, सभी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े प्रोजेक्ट से कुंरा अब स्मार्ट नगर की ओर कदम बढ़ाएगा और बच्चों को भी सुरक्षित जगह मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू ने इसे कुंरा के इतिहास का स्वर्णिम पल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री, विधायक और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही नगर की सड़कों को सुंदर बनाने की मांग अब पूरी हो रही है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।*

### प्रशासनिक तैयारी और निगरानी

*प्रशासन ने परियोजना के लिए भूमि चिन्हांकन और तकनीकी सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और एक साल में यह पूरा हो जाएगा। एसडीएम कार्यालय और नगर पंचायत कार्यालय मिलकर इसकी निगरानी करेंगे ताकि काम में किसी तरह का समझौता न हो। यह गौरव पथ कुंरा के लिए विकास और आधुनिकता का एक नया अध्याय लिखेगा।*

### ईश्तहार

पत्र क्रं/22530./न. पा. नि. /जोन क्रं - 10/2025
रायपुर, दिनांक 01-08-2025
नामंतरण प्र.क्र. 22530
वार्ड का नाम - 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651K16313 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता / पति श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती DHANANJAY RAO पिता / पति श्री / श्रीमती S/O MALLESH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रवीण कुमार वर्मा, आयु 26 वर्ष, माता / पिता श्रीमती शीला वर्मा, निवासी- एकता चौक, लक्ष्मीनगर, पचपेढ़ीनाका, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्रीमती नीतू होतवानी पति - श्री आनंद कुमार होतवानी, साकिन - म.नं. – 29, गणेश आई अस्पताल के सामने, मुस्कान रेसीडेन्सी, पचपेढ़ीनाका, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से उसके स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 75/32 का भाग रकबा 1075 वर्गफुट है। वाके मौजा ग्राम देवपुरी, प.ह.नं. 73, रा.नि.मं. रायपुर - 10, डूमरतराई, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है। अब मात्र बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री ) की कार्यवाही शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार या उसके किसी भाग के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/फर्म/ बैंक/ महाजन / बोर्ड / पंचायत / प्राधिकरण / शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि का कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर मय वैध एवं असल दस्तावेज के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें, नियत समयावधि बीतने के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति स्वयंमेव शून्य, विधिक रूप से निष्प्रभावी एवं अवैध समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की कार्यवाही करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक- 04/08/2025

**ईश्वर लाल साहू ( नोटरी / अधिवक्ता)**
**लक्ष्मीनगर, एकता चौक पचपेढ़ीनाका रायपुर छ.ग.**
**मोबा - 9009818109**

## पेज 11 के शेष ...

### दोस्तों के साथ ....

पुलिस को लवजीत का एक और मोबाइल मिला है, जिसमें चार से पांच पाकिस्तानी नंबर के साथ, खाड़ी देश कुवैत तथा दुबई के साथ आस्ट्रेलिया, कनाडा तथा नेपाल के सिम चलाने की जानकारी पुलिस को मिली है।

### तस्करों की सूची ....

में उन्हें ड्रग आपूर्ति करने कुरियर ब्वाय बनाकर अपने साथ तस्करी के धंधे में लगा लेते थे। इसीलिए पुलिस को ड्रग तस्करों की सूची और लंबी होने की आशंका है।

### नैक की टीम ....

स्तर पर वार्तालाप के आधार पर प्रतिनिधि अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिस आधार पर नैक विवि की ग्रेडिंग करेगा।

### नैक टीम से ....

की है कि फैकल्टी की कमी से कई विभाग के छात्र प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए शिक्षकों के रिक्त पदों की भर्ती की जाए। प्रशासनिक पारदर्शिता और त्वरित निर्णय के लिए नियमित कुलसचिव की नियुक्ति हो, परीक्षाओं का समयबद्ध और पारदर्शी संचालन किया जाए। छात्रों के लिए पर्याप्त छात्रावास की व्यवस्था की जाए। स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और बेहतर कैंटीन की आवश्यकता पूरी की जाए। साथ ही फर्जी जाति प्रमाणपत्र से नौकरी कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ शीघ्र जांच करके कार्यवाही की जाए। कुलपति ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी और छात्रहित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इस दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शांतनु झा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि समाधान देना और विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट बनाना है। छात्रहित और विश्वविद्यालय की साख की संरक्षण हमारी प्राथमिकता है।

### अगले साल बंद ....

**जून 2026 तक पूर्ण होगा औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास** : श्री अग्रवाल ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत 92 किलोमीटर लंबे औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। यह नया 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित राजमार्ग दुर्ग, रायपुर और आरंग को जोड़ेगा, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि शहरों के बीच यातायात का दबाव भी कम होगा। फास्टैग वार्षिक शुल्क 15 अगस्त से बृजमोहन अग्रवाल ने यह जानकारी भी दी है कि केंद्र सरकार ने 15 अगस्त 2025 से फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए वार्षिक पास योजना लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत 3,000 रुपए में 200 यात्राएं (या 1 वर्ष तक) की जा सकेंगी। इससे निजी वाहन मालिकों को प्रति यात्रा मात्र 15 रुपए का खर्च पड़ेगा। यह योजना कार, जीप और वैन जैसे गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी।

### बृजमोहन ने जताया....

देश के आठ टोल प्लाजा पहले से ही इस प्रणाली से जुड़े हैं, और अब कुम्हारी देश का नौंवा टोल प्लाजा बनेगा, जहां मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लागू की जाएगी।

#RememberingBauji

95TH BIRTH ANNIVERSARY



एक सोच जिसने भारत को नई दिशा दी

श्री ओ.पी. जिन्दल
7 अगस्त 1930 – 31 मार्च 2005

एक ऐसा नाम, जिन्होंने सिर्फ उद्योग नहीं,
राष्ट्र निर्माण की नींव रखी।
उनकी सोच में था विकास,
उनके सपनों में था सशक्त भारत।

उनकी दूरदर्शिता, मूल्य और कर्मठता
आज भी देश की प्रगति का पथप्रदर्शक है।

JINDAL STEEL

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

NMH
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महाकाल नर्मदेश्वर शिव मंदिर में रूद्राभिषेक आज



रायपुर। महाकाल नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति एवं समस्त गौतम नगर वासी, लाखेनगर द्वारा 7 अगस्त सुबह 11 बजे रूद्राभिषेक का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी मंदिर समिति के योगेश साहू, लोमेश साहू और नरेश सोनी ने देते हुए बताया कि रूद्राभिषेक में शिवलिंग का अभिषेक दूध, पानी, शहद, दही आदि से किया जाता है। साथ ही मंत्रों का जाप भी किया जाता है। साथ ही हवन और शाम 7 बजे महाआरती होगी। इस कार्यक्रम में नगरवासी सहित शिवभक्त भारी संख्या में शामिल होंगे।

### बादल फटने से बड़ा हादसा, साईं नगर जोरा ने दी श्रद्धांजलि



रायपुर। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा द्वारा बुधवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में जिसमें गंगोत्री से 18 किलोमीटर पहले धराली उत्तरकाशी में बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें कई लोगों की असमय मृत्यु हो जाने की दुखद घड़ी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शोकाकुल परिवारों के प्रति यही संवेदना व्यक्त की गई कि भगवान उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि देने वालों में समिति के डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, छोटेलाल ठाकुर, मिथिलेश श्रीवास्तव, सीएस चतुर्वेदी, सुरेश सोनी आदि आदि शामिल रहे।

## निधन

### रामप्यारी तिवारी



रायपुर। धरसींवा क्षेत्र के ग्राम निनवा निवासी रामप्यारी तिवारी (95) का 6 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे त्रिलोचन तिवारी की माता और शुभम व सौरभ तिवारी की दादी थीं।

# छत्तीसगढ़ में क्रिटिकल मिनरल सेल का गठन, खनिजों की खोज को करेगा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन द्वारा रणनीतिक एवं महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य सरकार ने योजनाबद्ध एवं संस्थागत प्रयासों को गति देने के लिए डीजीएम, छत्तीसगढ़ ने एक क्रिटिकल मिनरल सेल का गठन किया है। यह शोध, शैक्षणिक एवं पेशेवर संस्थानों के साथ सहभागिता बढ़ाकर खनिज अन्वेषण एवं परिशोधन को प्रोत्साहित करेगा।

खनिज संसाधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा, यह खोज केवल एक वैज्ञानिक सफलता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक छलांग है। बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनज़र हरित ऊर्जा एवं हाईटेक तकनीकों के लिए आवश्यक खनिज जैसे निकेल और प्लेटिनम समूह के तत्व भविष्य की तकनीकों की रीढ़ हैं। छत्तीसगढ़ भारत के खनिज मानचित्र में एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा। इसके लिए आवश्यक संस्थागत और संचालनात्मक सहयोग सुनिश्चित कर रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ की खनिज समृद्धि की स्थिति को और मजबूत करती है, बल्कि आधुनिक तकनीक, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में उपयोगी खनिजों की खोज की दिशा में अद्भुत संभावनाओं की नींव भी रखती है।

## पेशेवर संस्थानों के साथ खनिज की खोज को करेगा प्रोत्साहित

### खनिजों की खोज से नए युग की शुरुआत

खनिज विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। मेसर्स डेक्कन गोल्ड माइनिंग लिमिटेड डीजीएमएल ने राज्य में हाल ही में प्राप्त संयुक्त अनुज्ञा क्षेत्र में निकल, क्रोमियम और प्लेटिनम समूह के तत्वों की खोज की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि छत्तीसगढ़ में रणनीतिक एवं महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और उनके सतत विकास के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।



### निर्णायक कदम- साय

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, यह ऐतिहासिक खोज राज्य और देश के लिए अत्यावश्यक खनिज संसाधनों को सुरक्षित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की भावना को सशक्त करती है और रणनीतिक क्षेत्रों में सतत एवं आत्मनिर्भर विकास को प्रोत्साहित करती है। छत्तीसगढ़ शासन वैज्ञानिक एवं विस्तृत खनिज अन्वेषण तथा विकास को पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# युक्तियुक्तकरण में नियमों का पालन नहीं, कमिश्नर की सुनवाई में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने साधी चुप्पी

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में युक्तियुक्तकरण से असंतुष्ट शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने बुधवार को बलौदाबाजार जिले के असंतुष्ट शिक्षकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस सुनवाई में शिक्षकों को भी बुलाया गया। हरिभूमि ने सुनवाई में शामिल हुए कई शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान इन शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के लिए जो नियम बनाए गए थे, उन नियमों का जिला स्तरीय समिति ने पालन नहीं किया है। नियमों के विरुद्ध जाकर कई शिक्षकों को स्थानांतरण कर दिया है। सुनवाई के दौरान जिला स्तरीय समिति में शामिल रहे शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। कुछ शिक्षकों ने यह भी बताया कि आयुक्त ने सुनवाई में उनकी बातें सुनने के बाद माना कि उनके साथ गलत हुआ है।

उन्होंने इसे लेकर अधिकारियों से पूछा भी स्थानांतरण नियम के तहत हुए है या नहीं। इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साधी रही। इसके बाद आयुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया है कि नियम विरुद्ध स्थानांतरण हुआ है तो उसे सुधारा जाएगा।

### केस 1

बगैर पद के स्थानांतरण कर दिए शिक्षक दुर्गेश शर्मा ने बताया कि वह पूर्व में भाटापारा ब्लॉक अंतर्गत स्कूल में विज्ञान विषय के पद पर पदस्थ था। उसे अब राजादेवरी कसडोल स्कूल में स्थानांतरण कर दिया है। उन्होंने बताया कि विषय चक्र के अनुसार जिस स्कूल में दर्ज बच्चों की संख्या के अनुसार उसका चौथा नंबर है। इसके बाद भी उसे अंग्रेजी, गणित, कला विषय के शिक्षक को छोड़कर उसका स्थानांतरण कर दिया है। उन्होंने यह बताया कि जिस स्कूल में उसे पदस्थ किया है, वहां दर्ज संख्या के अनुसार पहले से ही शिक्षक पदस्थ है। अधिकारियों ने पद खाली नहीं होने के बाद भी उसे वहां पदस्थ कर दिया है।



### केस 2

शिक्षिका अन्नुदेवी ध्रुव ने बताया कि वह वाणिज्य विषय की शिक्षक है। वह आत्मानंद भाटापारा स्कूल में पदस्थ थी। उसे अब 60 किलोमीटर दूसरे स्कूल भेज दिया है, जहां बच्चों की दर्ज संख्या कम है। उनके स्थान पर आत्मानंद स्कूल में उसी विषय के लिए दूसरे शिक्षक को पदस्थ किया है। इस तरह नियम के विरुद्ध उनका स्थानांतरण हुआ है।

### केस 3

रामकुमार निर्मलकर ने बताया कि वह ग्राम गिद्धपुरी स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ था। उसे अब 60 किलोमीटर दूर ग्राम करही खड़गांव में पदस्थ किया है। उन्होंने बताया कि पद नहीं होने के बाद भी उसका इतनी दूर स्थानांतरण कर दिया है।

### केस 4

चेतन कुमार बघेल ने बताया कि जिस स्कूल में उसे भेजा गया है वहां दर्ज संख्या 41 है। इस प्रकार विषय नियम चक्र में उनका नंबर पांचवें स्थान पर है। उनके पहले अंग्रेजी, गणित, कला एवं वाणिज्य जैसे विषय के शिक्षकों का स्थानांतरण होना था, लेकिन उनका नहीं कर मेरा कर दिया है।

### हाईकोर्ट गए शिक्षकों ने जॉइनिंग नहीं की, दो माह का वेतन रुका

कई शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में नियम विरुद्ध स्थानांतरण के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इस याचिका पर स्टे मिला हुआ है। हाईकोर्ट का आदेश है कि जब तक शासन स्तर पर शिक्षकों की सुनवाई नहीं की जाती है, तब तक स्थानांतरण आदेश भी स्थगित रहेगा। इस आदेश के तहत शिक्षकों ने स्थानांतरण स्कूलों में जॉइनिंग नहीं की है। इसके कारण उनका दो माह का वेतन भी रोक दिया गया है, जबकि डीपीआई ने जून का वेतन जारी करने का आदेश भी जारी किया है। इसके बाद भी जिला शिक्षण विभाग ने वेतन रोक दिया है।

### सुनवाई में कोई पति-पत्नी, रिश्तेदार के साथ, कुछ महिलाएं बच्चों को लेकर पहुंचीं

राजधानी रायपुर के पुराना तहसील कार्यालय के सामने रायपुर संभाग कार्यालय में युक्तीयुक्तकरण के तहत जिला समितियों के निर्णय के विरुद्ध आवेदन करने वाले शिक्षकों की सुनवाई शुरू हो गई। आयुक्त ने संभाग अंतर्गत सभी जिलों के आवेदनों पर सुनवाई की अलग-अलग तारीख तय की है। सबसे पहले बलौदाबाजार जिले से इसकी शुरुआत हुई। इस जिले से 22 शिक्षकों ने आवेदन लगाए हैं। इन सभी को सुनवाई में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। इस सुनवाई में शामिल होने के लिए शिक्षकों सुबह 9 बजे से रायपुर आना शुरू हो गया था। सुनवाई करीब 11.30 बजे शुरू हुई, जो दोपहर तक चली। इस सुनवाई में शामिल होने पहुंचे शिक्षकों में कोई अपने पति, कोई पत्नी, कोई रिश्तेदार के साथ पहुंचे थे।

### सभी जिलों की सुनवाई होने के बाद निराकरण करेंगे

सभी जिलों के आवेदनों पर सुनवाई होनी है। इसकी शुरुआत बलौदाबाजार से हुई है। सभी जिलों की सुनवाई पूरी होने के बाद निराकरण किया जाएगा।

*- महादेव कावरे*
*संभागायुक्त रायपुर*

# सरोना मार्ग पर पशुओं को छोड़ने वाले डेयरी संचालक पर होगी एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर के चौराहों, बाजार क्षेत्रों और रहवासी इलाकों में मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर नगर निगम अब शिकंजा कसने लगा है। जोन 8 क्षेत्र के संत रविदास वार्ड में पार्थिव प्रोविंस के पास मुख्य मार्ग पर डेयरी संचालक अरविंद सिंह ठाकुर द्वारा अपनी डेयरी के पशुओं को बार-बार की समझाइश दिए जाने के बाद भी सड़क मार्ग पर छोड़े देने को लेकर डीडी नगर पुलिस थाना के प्रभारी के पास निगम अमले ने शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने आवेदन किया है। वहीं 2 डेयरी संचालक हरिनंद झा पर 1 हजार रुपये और प्यारेलाल यादव पर 2 हजार रुपये का ई-चालान कार्रवाई की गयी। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने जोनवार आवारा मवेशियों के धरपकड़ का अभियान तेज कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। 5 पशुओं को काउकेचर दस्ते ने गोठान भेजा है। इधर नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य अधिकारी ने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को वार्ड 57 के मार्गों पर खुले में पशुओं को छोड़ने के कारण आये दिन दुर्घटना होने के चलते पशुपालक लक्ष्मीकांत यदु पर एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया है।

## सिटी प्लस बार में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, किचन में गंदगी पर जुर्माना

जोन 7 कमिश्नरी क्षेत्र के शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड स्थित जीई रोड मार्ग पर वंदना आटो के पास सिटी बार की स्वच्छता का औचक निरीक्षण करने पर किचन में गंदगी मिली। जन शिकायत सही पाये जाने पर जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर सिटी प्लस बार संचालक पर तत्काल 10 हजार रुपये जुर्माना किया गया। साथ ही सफाई व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी गयी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में सिटी प्लस बार की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

### कविताओं की रिमझिम आज

रायपुर। अंचल के प्रसिद्ध कवि स्वर्गीय बसंत दीवान के जन्मदिन पर 7 अगस्त को 'कविताओं की रिमझिम' का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम एनआईटी कॉफी हाऊस के पास गोल्डन टॉवर हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा।

## पेज 11 के शेष ...

### दोस्तों के साथ ....

पुलिस को लवजीत का एक और मोबाइल मिला है, जिसमें चार से पांच पाकिस्तानी नंबर के साथ, खाड़ी देश कुवैत तथा दुबई के साथ आस्ट्रेलिया, कनाडा तथा नेपाल के सिम चलाने की जानकारी पुलिस को मिली है।

### तस्करों की सूची ....

में उन्हें ड्रग आपूर्ति करने कुरियर ब्वाय बनाकर अपने साथ तस्करी के धंधे में लगा लेते थे। इसीलिए पुलिस को ड्रग तस्करों की सूची और लंबी होने की आशंका है।

### नैक की टीम ....

स्तर पर वार्तालाप के आधार पर प्रतिनिधि अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिस आधार पर नैक विवि की ग्रेडिंग करेगा।

### नैक टीम से ....

की है कि फैकल्टी की कमी से कई विभाग के छात्र प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए शिक्षकों के रिक्त पदों की भर्ती की जाए। प्रशासनिक पारदर्शिता और त्वरित निर्णय के लिए नियमित कुलसचिव की नियुक्ति हो, परीक्षाओं का समयबद्ध और पारदर्शी संचालन किया जाए। छात्रों के लिए पर्याप्त छात्रावास की व्यवस्था की जाए। स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और बेहतर कैंटीन की आवश्यकता पूरी की जाए। साथ ही फर्जी जाति प्रमाणपत्र से नौकरी कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ शीघ्र जांच करके कार्यवाही की जाए। कुलपति ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी और छात्रहित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इस दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शांतनु झा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि समाधान देना और विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट बनाना है। छात्रहित और विश्वविद्यालय की साख की संरक्षण हमारी प्राथमिकता है।

### अगले साल बंद ....

**जून 2026 तक पूर्ण होगा औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास :** श्री अग्रवाल ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत 92 किलोमीटर लंबे औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। यह नया 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित राजमार्ग दुर्ग, रायपुर और आरंग को जोड़ेगा, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि शहरों के बीच यातायात का दबाव भी कम होगा। फास्टैग वार्षिक शुल्क 15 अगस्त से बृजमोहन अग्रवाल ने यह जानकारी भी दी है कि केंद्र सरकार ने 15 अगस्त 2025 से फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए वार्षिक पास योजना लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत 3,000 रुपए में 200 यात्राएं (या 1 वर्ष तक) की जा सकेंगी। इससे निजी वाहन मालिकों को प्रति यात्रा मात्र 15 रुपए का खर्च पड़ेगा। यह योजना कार, जीप और वैन जैसे गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी।

### बृजमोहन ने जताया....

देश के आठ टोल प्लाजा पहले से ही इस प्रणाली से जुड़े हैं, और अब कुम्हारी देश का नौवा टोल प्लाजा बनेगा, जहां मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लागू की जाएगी।


### ईश्तहार

पत्र क्रं/22530./न. पा. नि. /जोन क्रं - 10/2025
रायपुर, दिनांक 01-08-2025
नामंतरण प्र.क्र. 22530
वार्ड का नाम - 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651K16313 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता / पति श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती DHANANJAY RAO पिता / पति श्री / श्रीमती S/O MALLESH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रवीण कुमार वर्मा, आयु 26 वर्ष, माता / पिता श्रीमती शीला वर्मा, निवासी- एकता चौक, लक्ष्मीनगर, पचपेढ़ीनाका, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्रीमती नीतू होतवानी पति - श्री आनंद कुमार होतवानी, साकिन - म.नं. – 29, गणेश आई अस्पताल के सामने, मुस्कान रेसीडेन्सी, पचपेढ़ीनाका, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से उसके स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 75/32 का भाग रकबा 1075 वर्गफुट है। वाके मौजा ग्राम देवपुरी, प.ह.नं. 73, रा.नि.मं. रायपुर - 10, डूमरतराई, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है। अब मात्र बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री ) की कार्यवाही शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार या उसके किसी भाग के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/फर्म/ बैंक/ महाजन / बोर्ड / पंचायत / प्राधिकरण / शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि का कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर मय वैध एवं असल दस्तावेज के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें, नियत समयावधि बीतने के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति स्वयंमेव शून्य, विधिक रूप से निष्प्रभावी एवं अवैध समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की कार्यवाही करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक- 04/08/2025

**ईश्वर लाल साहू ( नोटरी / अधिवक्ता)**
**लक्ष्मीनगर, एकता चौक पचपेढ़ीनाका रायपुर छ.ग.**
**मोबा - 9009818109**


HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ बैठक में मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के तहसीलदार-नायब तहसीलदारों ने बुधवार को अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। 28 जुलाई से 17 सूत्रीय मांगों को लेकर वे आंदोलन कर रहे थे। छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ बैठक की। इस पर विभागीय मंत्री ने गंभीरता से विचार कर ठोस पहल करने का आश्वासन दिया। राजस्व मंत्री की पहल पर राजस्व अधिकारियों के मांगों पर सहमति के बाद आंदोलन समाप्त हो गया है। इसके साथ ही प्रदेशभर में रुके हुए नामांतरण, सीमांकन, भू अधिकार और अभिलेख जैसे कार्यो को एक बार फिर गति मिलेगी।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की बैठक के बाद तहसीलदारों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। गुरुवार से वे काम पर लौट आएंगे। 17 सूत्रीय मांगों और समस्याओं को लेकर बैठक में संघ के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई । इसमें मंत्री टंकराम वर्मा ने गंभीरता से विचार कर ठोस पहल का आश्वासन दिया है।

तहसीलदारों का आंदोलन समाप्त होने से प्रदेश भर के राजस्व कार्यालयों में कामकाज जहां सामान्य होगा, वहीं आम जनता को राहत मिली है। संघ ने शासन की तत्परता और समाधानात्मक रुख की सराहना करते हुए भरोसा जताया कि लंबित विषयों पर आगे भी संवेदनशील निर्णय लिए जाएंगे। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार लहरे, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह राठौर, प्रदेश सचिव प्रशांत पटेल, प्रदेश प्रवक्ता शशिभूषण सोनी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।



- 17 सूत्रीय मांगों लेकर आंदोलन, 10वें दिन हड़ताल खत्म
- नामांतरण, सीमांकन, भू अधिकार अभिलेख जैसे कार्यों को मिलेगी गति

### कार्रवाई का दिया आश्वासन

डिप्टी कलेक्टर के पदों पर पदोन्नति/ सीधी भर्ती पर 50:50 अनुपात की बहाली पर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व अधिकारियों को राजपत्रित दर्जा दिए जाने की मांग पर नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को राजपत्रित करने संबंधी प्रस्ताव पर शासन ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। लंबित पदोन्नति प्रकरणों का निराकरण करते हुए नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों के लंबित ग्रेड पे और पदोन्नति मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। इसी तरह सभी तहसीलों में कार्यरत अधिकारियों को प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी के लिए शासकीय वाहन व चालक की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन मिला है। राजस्व विभाग में बिना वैध प्रक्रिया के निलंबन अथवा अभियोजन से प्रभावित अधिकारियों की स्थिति की 15 दिवस के भीतर जांच कर बहाली की कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सांगठनिक मामलों को लेकर हाईकमान से मिलने बैज आज जाएंगे दिल्ली

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज सांगठनिक मामलों में हाईकमान से चर्चा करने गुरुवार को दिल्ली जा रहे हैं। वे वहां पर केसी वेणुगोपाल और अन्य नेताओं से मिलेंगे। बताया जाता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे के दौरान पीसीसी में रिक्त पदों और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति सिंतबर तक पूरा करने का टारगेट दिया है। पीसीसी में बनाए जा रहे मंडल अध्यक्ष और जिला स्तर पर होने वाली नियुक्तियों के संबंध में सभी जिलों से दोवदारों की सूची पीसीसी को मिल गई है। अब इनकी नियुक्ति का आदेश जारी करने सो पहले एआईसीसी से चर्चा करने गए हैं।



### आवासीय योग, यज्ञ प्रशिक्षण और कार्यशाला 10 से

**रायपुर।** अग्रसेन धाम जोरा में चार दिवसीय 10 से 13 अगस्त तक आवासीय योग, यज्ञ प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग परिवार छग और अग्रवाल सभा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात : 5.30 बजे योग सत्र शुरू होगा। यह जानकारी पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के राज्य महामंत्री राम शर्मा ने देते हुए बताया कि इस विशेष कार्यक्रम का मार्गदर्शन योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य स्वामी परमार्थ देव महाराज करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य योग, यक्ष, साधना एवं प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, आत्मविकास तथा आध्यात्मिक उत्थान को सशक्त करना है। प्रतिभागियों को स्वामी जी के सान्निध्य में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त होगा।

## पीडब्लूडी के अभियंताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम

# साव ने कहा- अभियंताओं को नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में अभियंताओं को अलग-अलग तरह के निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के विभिन्न जिलों के अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में कहा कि लगातार बदल रही तकनीकों, जरूरतों और अनुसंधानों के बीच नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। अलग-अलग तरह के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माण उद्योग में अलग-अलग कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं की भिन्न-भिन्न गुणवत्ता और कीमत वाली सामग्री मौजूद हैं। गुणवत्ता और मानकों की अच्छी जानकारी रहने से आप सही सामग्री का चयन कर सकते हैं। आपके पर्यवेक्षण में हो रहे कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आपकी है।




### ये थे मौजूद

भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को अलग-अलग सत्रों में सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के मानकों की जानकारी दे रहे हैं। सिविल कार्यों में रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ डीएस धपोला, डॉ. आदित्य प्रताप सान्याल, डॉ. आरपी देवांगन, डॉ. प्रवीण निगम और डॉ. ललित कुमार गुप्ता नए मानकों और मापदंडों की जानकारी दी। भारतीय मानक ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक सुमन कुमार गुप्ता और वैज्ञानिक मधुरिमा माधव संयुक्त निदेशक फालेन्द्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# कांग्रेस का आरोप- हाफ बिजली बिल योजना बंद करना जनता पर सीधा अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना बंद किए जाने की निंदा करते हुए इसे आम जनता के खिलाफ एक जनविरोधी फैसला बताया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस योजना के बंद होने से गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों पर बिजली बिल का भारी बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक के उपभोग पर बिजली बिल हाफ किया था, जिससे प्रदेश के 44 लाख से अधिक परिवारों को राहत मिली थी। अब भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 100 यूनिट कर दिया है, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता योजना से बाहर हो गए हैं।शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार गरीबों के अधिकार छीन रही है। कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू की थी, जिसे भाजपा ने बंद कर दिया। हम चुप नहीं बैठेंगे, जनता के हक के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

- कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय आंदोलन आज




### गांव-गांव जाकर उठाएंगे मुद्दा

*पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, रायपुर जैसे शहरी क्षेत्रों में भी लोग अब बिजली बिल से त्रस्त हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मची हुई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, जब कांग्रेस की सरकार थी, तो 24 घंटे बिजली मिलती थी। आज गांव-शहर दोनों में बिजली संकट है। भाजपा सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता करती है, जनता की नहीं। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बिलों ने लोगों की कमर तोड़ दी है।*

## 400 यूनिट फ्री बिजली बंद करने के पीछे अडानी की सोलर कंपनी को फायदा पहुंचाना है : धनेन्द्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता धनेन्द्र साहू ने आरोप लगाया है कि राज्य में 400 यूनिट तक बिल बिजली हाफ योजना अडानी की सोलर कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए बंद की गई है। यह योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई थी।
श्री साहू ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार ने बंद कर 100 यूनिट तक हाफ कर दिया गया है। यह भाजपा सरकार द्वारा महतारी योजना का जो 1000 रुपए की राशि महिलाओं को दी जा रही है, उसकी वसूली बिजली बिल बढ़ा कर की जा रही है । उस 1000 रुपये की वसूली के लिए ही कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट बिजली हाफ योजना बंद की जा रही है ।

**उपभोक्ता पहले ही हैं परेशान :** उन्होंने कहा है कि बिजली उपभोक्ता जनता स्मार्ट मीटर की मार अलग से झेल रहे हैं। पहले से ही उसके कारण मनमाना बिजली बिल आ रहा है। बिजली उपभोक्ताओं को जो 400 यूनिट हाफ योजना से राहत मिलती थी, अब वह भी नहीं मिल पाएगी। इससे गरीब जनता और मध्य वर्ग बुरी तरह से बर्बाद हो जायेंगे, क्योकि बिजली हर घर की आवश्यकता हो चुकी है ।

### योजना को बंद करने के पीछे संदेह

धनेंद्र साहू के अनुसार 400 यूनिट हाफ योजना को बंद करना कहीं न कही ये संदेह पैदा करता है कि ये जो प्रधानमंत्री की सूर्य घर योजना है, जिसमें 90 प्रतिशत सोलर पैनल के विभिन्न उपकरण अडानी द्वारा उत्पादित होता है और अडानी के इसी सोलर पैनल को बेचने के लिए ही केन्द्र सरकार सब्सिडी दे रही है और राज्य सरकार ने भी सब्सिडी देना प्रारम्भ कर दिया है।

## बिजनेस साइट

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति : यात्रियों के लिए लकी ड्रा और सम्मान समारोह आयोजित



**रायपुर।** श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा रायपुर कार्यालय में तीर्थ यात्री मिलन समारोह एवं लकी ड्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरुआत समिति के सीनियर मैनेजर द्वारा आगामी विशेष ट्रेन तीर्थ यात्राओं की जानकारी के साथ हुई, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों के मनोरंजन हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण लकी ड्रा रहा, जिसमें सौरिश श्रीवास्तव को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं, विशेष सम्मान प्राप्त करने वालों में पायलो पास विजेता प्रतिभा जैन, सबसे अधिक 5 तीर्थ यात्राएं करने वाली प्रतिभा जैन, सबसे वरिष्ठ यात्री गणेश प्रसाद दुबे, तथा समारोह में सर्वप्रथम पहुंचने वाले यात्री छोटे देवांगन शामिल रहे। समारोह में श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा के संचालक राहुल यादव, जीएम नरेंद्र सिंह ठाकुर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शिवांश इंटरनेशनल स्कूल ने ऑल इंडिया कल्चरल ओलिंपियाड प्रतियोगिता में लहराया परचम




**रायपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल, काठाडीह के प्रतिभाशाली छात्रों ने नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया कल्चरल ओलिंपियाड प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। सेमी क्लासिकल डांस की जूनियर कैटेगरी में ऐशा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अमृता नायक ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। मॉडर्न डांस फॉर्म (जूनियर कैटेगरी) में शिवांश ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए। सिर्फ नृत्य ही नहीं, संगीत की विधाओं में भी शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैसियो इंस्ट्रूमेंट्स में सृजन गिरी गोस्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लाइट म्यूजिक कैटेगरी में ओजस्वी ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विद्यालय की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने सभी छात्रों की सराहना की।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर 'ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025' का शुभारंभ आज

**रायपुर।** राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामोद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी बीटीआई ग्राउण्ड, शंकर नगर में आयोजित की जाएगी, जो 07 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को शाम 5:00 बजे किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर उत्तर रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर महापौर मीनल चौबे, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय और हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट हाथकरघा बुनकरों, हस्तशिल्पियों तथा माटी शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद प्रदर्शित और विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। इनमें कोसा और कॉटन की साड़ियां, बेडशीट, ड्रेस मटेरियल, कॉटन बैग, कोसा शॉल, जैकेट तथा बेलमेटल, बांस, काष्ठ, लौह और शिल्प जैसी सामग्रियों से निर्मित हस्तशिल्प शामिल हैं। साथ ही, माटी शिल्प के विविध उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी की एक विशेष आकर्षण यह है कि उपभोक्ताओं को सभी उत्पादों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट उपलब्ध होगी। यह आयोजन रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी, नवाखाई, तीज, गणेश चतुर्थी जैसे आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ में डेढ़ लाख ई व्हीकल, चार्जिंग स्टेशन 290, वो भी केवल रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में करीब 290 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित हैं तथा राज्य में 1 लाख 49 हजार इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के लिए पेट्रोल पंपों और इलेक्ट्रिक वाहन विक्रेताओं से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने में सहयोग देने का आग्रह किया गया है।छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी और उपयोगिता को बढ़ावा देने तथा राज्य के विभिन्न स्थानों पर ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना के लिए वाहन निर्माता कंपनियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश की अध्यक्षता में हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ में कार्यरत विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने एवं चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

- ईवी डीलरों से कहा गया बढ़ाएं चार्जिंग स्टेशन की संख्या

### 290 में आधे चार्जिंग सेंटर, रायपुर दुर्ग बिलासपुर में

बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य के मुख्यतः रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में लगभग 50 प्रतिशत चार्जिंग स्टेशन मौजूद हैं, जबकि शेष 50 प्रतिशत चार्जिंग स्टेशन अन्य जिलों में हैं। जिन जिलों में चार्जिंग स्टेशन की संख्या कम है, वहां प्राथमिकता के आधार पर चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा रही है। राज्य शासन द्वारा चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं, जिनमें चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने वाले हितग्राहियों को सब्सिडी प्रदान करने का प्रावधान शामिल है।



फाइल फोटो

### ईवी के डीलर हैं 600

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि राज्य में लगभग 600 इलेक्ट्रिक वाहन डीलर्स पंजीकृत हैं। उन्होंने अपने सभी शोरूम या विक्रय स्थलों पर अनिवार्य रूप से चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न कंपनियों द्वारा 12,617 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री की गई है, जो राज्य की ई-वाहन नीति में निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। यह रुझान बताता है कि ई-वाहनों की बिक्री में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन मुख्य चुनौती पर्याप्त और सुलभ ई-चार्जिंग प्वाइंट की उपलब्धता बनी हुई है। इस बैठक में परिवहन विभाग के अपर आयुक्त डी. रविशंकर प्रसाद, संयुक्त परिवहन आयुक्त यूबीएस. चौहान, उप परिवहन आयुक्त मनोज ध्रुव, अन्य विभागीय अधिकार एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक वाहन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि एवं विक्रेता उपस्थित थे।

# प्रोजेक्ट आओ बांटें खुशियां की शुरुआत, अधिकारी-कर्मचारी बच्चों के साथ मना रहे अपना जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना तथा न्योता भोज के तहत जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां की शुरुआत की है। इसके तहत जिला रायपुर में विभिन्न विभाग में कार्यरत अधिकरियों एवं कर्मचारियों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जा रही हैं, वहीं अधिकारी-कर्मचारी भी आंगनबाड़ी एवं शासकीय स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक दिगम्बर बुरा ने शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं आंगनबाड़ी पारसनगर के बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर मैं बहुत खुश हूं। उनके अलावा स्वास्थ्य विभाग से ममता शर्मा, मनसुख राम वर्मा, रेणुका ठाकुर, गीता कंवर, स्वप्ना नंद ने भी स्कूली बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर उनको केला, बिस्किट, खीर-पूड़ी खिलाकर इस पल को यादगार बनाया।

### कलेक्टर ने 14 कर्मचारियों को मोबाइल पर दी जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं

प्रोजेक्ट के तहत कलेक्टर गौरव सिंह ने भी 14 कर्मचारियों से मोबाइल पर बात कर उन्हें जन्मदिन की पूर्व संध्या को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से सभी 14 कर्मचारियों को एसएमएस से ई-कार्ड के माध्यम से जन्मदिन का बधाई संदेश भेजा एवं एवं नजदीकी आंगनबाड़ी या स्कूल की जानकारी दी, ताकि वे भी अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मना सकें।

# शेयर बाजार में मुनाफा देने का झांसा देकर 61 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देवेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ शेयर बाजार में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर 60 लाख 85 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज द्वारा बताई कंपनी के सेबी में रजिस्टर्ड होने की पुष्टि होने के बाद ही पीड़ित ने रकम निवेश की थी। रकम आहरण करने की प्रक्रिया पूरी करने 20 प्रतिशत टैक्स मांगे जाने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

- टैक्स देने से इनकार करने पर जालसाज ने मोबाइल ब्लाक किया
- तीन माह पूर्व देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना




देवेंद्र नगर सेक्टर-2 निवासी शशिकांत शर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शशिकांत ने पुलिस को बताया है कि वह प्राइवेट जॉब करता है। इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान सौजन्या गिल से हुई थी। सौजन्या ने शशिकांत को अपनी कंपनी जैनम ओटीसी ट्रेडिंग कंपनी के बारे में जानकारी दी। सौजन्या ने शशिकांत को अपनी कंपनी द्वारा शेयर ट्रेडिंग के कारोबार से जुड़ा होना बताया। इस पर शशिकांत ने बताई गई कंपनी के बारे में जानकारी जुटाई, तो कंपनी का सेबी से रजिस्टर्ड होना पाया गया। इसके बाद शशिकांत ने सौजन्या की कंपनी में रकम निवेश की। 54 लाख रुपए निवेश करने पर शशिकांत ने राशि आहरण करने अलग से सर्विस शुल्क जमा किया था। सर्विस शुल्क जमा करने के बाद अलग से 20 प्रतिशत टैक्स की राशि जमा करने कहा गया। शशिकांत ने टैक्स की राशि जमा करने से इनकार किया, तो सौजन्या ने शशिकांत का कॉल रिसीव करने से लेकर उसका मोबाइल नंबर ब्लाक कर ठगी का शिकार बनाया।



02

हाथ से बने साड़ियों के साथ जुड़ती....

## लाइव इवेंट

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य और सामर्थ्य का भी प्रतीक



रायपुर। शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था युवा की स्थापना एम. राजीव द्वारा की गई। जहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के बीच एक प्रेरक और जागरूक करने वाले सेमिनार का हिस्सा बनना गौरव की बात है। कुछ इसी तरह के संवादों से सेमिनार में ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना की वीरता, सामाजिक जागरूकता और युवाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने का भी प्रयास मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर प्रवीण सिंह ने किया। ऑपरेशन सिंदूर के महत्व, सैन्य बलों की भूमिका और युवाओं के लिए लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा दी। इस सेमिनार में पुराने छात्रों, शिक्षकों ने भी भाग लिया। सिविल लाइन स्थित युवा संस्था के सभागार में मेजर ने न केवल ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया, बल्कि युवाओं को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, डर दूर करने और सैन्य सेवाओं में करियर बनाने के लिए भी प्रेरित किया।

### सकारात्मक बदलाव के लिए तैयारी करें युवा

सेमिनार के अंत में गिरीश मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त मेजर प्रवीण सिंह ने युवा संस्था में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को कई रोचक जानकारी दी। ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी कहानी हमें साहस, अनुशासन और देश भक्ति की प्रेरणा देती है। इस तरह के सेमिनार करने से युवाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्धता का भाव बढ़ता है। ऑपरेशन सिंदूर की कहानी ने भारतीय सेना की वीरता और तकनीकी दक्षता को प्रदर्शित किया, जबकि मेजर सिंह के प्रेरक शब्दों ने युवाओं में साहस, अनुशासन और देश सेवा की भावना का संचार किया।

## तीसरी बटालियन अमलेश्वर की घुड़सवारी दल के 13 घोड़े पुलिस परेड ग्राउंड में मार्चपास्ट अभ्यास के लिए पहुंचे

# घुड़सवारी दल देंगे स्टैंडिंग सैल्यूट, फ्लैग मार्च संग जंपिंग शो का हैरतअंगेज स्टंट

स्वतंत्रता दिवस परेड पर घुड़सवारी दल का हॉर्स राइडिंग स्टंट आकर्षण का केंद्र रहेगा। तीसरी बटालियन अमलेश्वर के 13 हॉर्स का दल पुलिस परेड ग्राउंड में मार्चपास्ट में शामिल होने पहुंच चुका है। बुधवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस परेड मार्चपास्ट के अभ्यास सत्र के दौरान तीसरी बटालियन अमलेश्वर की घुड़सवारी दल अपने हॉर्स राइडिंग स्टंट का नमूना पेश किया।





**रायपुर।** घुड़सवारी दल का कंपनी कमांडर योगेश चंद्रा ने बताया कि तीसरी बटालियन अमलेश्वर में कुल 33 हॉर्स हैं, उनमें से 13 हॉर्स को स्वतंत्रता दिवस परेड के लिए विशेषकर सलेक्ट किया गया है। इन सभी हॉर्स के अलग-अलग नाम रखे हुए हैं। स्वतंत्रता दिवस परेड पर पांच राउंड पर हॉर्स स्टंट होगा। इसमें सबसे पहले घुड़सवारी दल का आभा नामक हॉर्स पर स्टैंडिंग सैल्यूट दिया जाएगा। इसके बाद दूसरी प्रस्तुति रूद्रा नामक हॉर्स पर फ्लैग मार्च किया जाएगा। तीसरी राउंड इंडिविजुअल व टीम द्वारा स्टंट किया जाएगा। चौथा राउंड शो जंपिंग और पांचवा राउंड क्लैप राउंड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 हॉर्स में ध्रुव, शक्ति, युवराज, धनुष, सारंगी, रुद्रा, अवनी, गंगा, जूही, अश्वत्थामा, ओजस और आभा नामक हॉर्स घुड़सवारी दल में स्वतंत्रता दिवस परेड पर मार्चपास्ट करेगा।

### जयपुर व हैदराबाद से ट्रेनिंग लेकर आए हैं हॉर्स

कंपनी कमांडर योगेश चंद्रा ने बताया कि परेड में तीसरी बटालियन अमलेश्वर की 13 हॉर्स शामिल किए गए हैं। यह सभी हॉर्स जयपुर व हैदराबाद से ट्रेनिंग लेकर तीसरी बटालियन अमलेश्वर में लाए गए हैं। 15 अगस्त को इन्हीं हॉर्स पर सवार होकर घुड़सवारी दल के बटालियन्स हॉर्स स्टंट दिखाएंगे। कंपनी कमांडर ने बताया कि इन हॉर्स का स्पेशल केयरिंग किया जाता है। इसके लिए भोपाल से चारा मंगाया जाता है।

### परेड में 14 प्लाटून्स का दल करेंगे मार्चपास्ट

स्वतंत्रता दिवस परेड में प्लाटून की टुकड़ियां बढ़ा दी गई हैं। पहले 8 प्लाटून की टुकड़ियां ही भाग ले रही थीं। इसमें बढ़ोतरी करते हुए बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, तेलांगना पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल महिला व पुरुष के जवान, घुड़सवार दल, डॉग स्वार्ड दल, जेल पुलिस पुरुष दल, नगर सेना महिला व पुरुष दल, सीआरपीएफ, जिला बल, पुलिस बैंड वाइपर महिला व पुरुष, बुगुलर दल पुरुष व एनसीएसी कैडेट्स मिलाकर 14 प्लाटून दल स्वतंत्रता दिवस परेड में मार्च पास्ट कर सलामी में हिस्सा लेंगे।



### स्वतंत्रता दिवस पर ये होंगे परेड कमांडर

*स्वतंत्रता दिवस परेड में 14 प्लाटून के दल व दल नायकों की मार्चपास्ट के दौरान परेड का संचालन प्रथम पंक्ति में परेड कमांडर के रूप में प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी ईशु अग्रवाल, जिला राजनांदगांव करेंगे। वहीं, परेड कमांडर रिजर्व के रूप में नगर पुलिस अधिक्षक दर्री जिला कोरबा आईपीएस विमल कुमार पाठक होंगे। परेड टू-आईसी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह चौहान जिला कबीरधाम और परेड टू आईसी रिजर्व प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह राठौर दूरसंचार जिला बस्तर होंगे।*

## सिटी इवेंट

# बैंकिंग, मुद्रा प्रणाली, साइबर सुरक्षा और डिजिटल भुगतान की दी जानकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सड्डू स्थित साइंस सेंटर के सभागार में हुआ। इसका उद्देश्य आधुनिक दौर में महिलाओं को सशक्त एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में बढ़ावा देना रहा। कार्यशाला का प्रारंभ साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस कर्मकार ने किया। उन्होंने कहा कि इन दिनों डिजिटल प्रौद्योगिकी की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। ऐसे में महिलाएं अक्सर डिजिटल ठगी की शिकार होती हैं। इससे बचने के लिए उन्हें तकनीकी रूप से शिक्षित और सतर्क होना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक से उपमहा-प्रबंधक अमरेन्द्र गुप्ता ने कहा, वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति आरबीआई की जन-जागरूकता से संबंधित सूचनाओं को पीपीटी की मदद से जानकारी दी गई। ऐसे में डिजिटल बैंकिंग के लाभ, सुरक्षा, साइबर खतरों से बचाव जैसी कई स्थिति में बैंक की भागीदारी को बताया। मोबाइल बैंकिंग की मदद से फिशिंग, फेक लिंक, ओटीपी फ्रॉड जैसे खतरों से बचा जा सकता है।



### मोबाइल बैंकिंग से फिशिंग, फेक लिंक, ओटीपी फ्रॉड से बचाव

कार्यशाला में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से कई संगठनों की महिलाएं शामिल हुईं। ऐसे में स्व-सहायता समूह, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के शासकीय विभागों की महिला अधिकारी, कर्मचारी और शैक्षिक संस्थानों से प्राध्यापक भी मौजूद रहीं। इस मौके पर चंदर सोनी ने बताया कि छात्रों को बैंकिंग, मुद्रा प्रणाली, साइबर सुरक्षा और डिजिटल भुगतान जैसे विषयों की समझ होनी चाहिए। बैंक की मदद से आधिकारिक वेबसाइट्स से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। वहीं, असली करेंसी पहचानने की तकनीक, प्लास्टिक मनी, यूपीआई एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से होने वाले धोखाधड़ी की पहचान भी की जा सकती हैं। वहीं, फ्रॉड की रिपोर्टिंग प्रक्रिया, हेल्पलाइन नंबर और शिकायत पोर्टलों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न ठगी एवं बचाव के क्षेत्र में प्रश्नोत्तारी प्रक्रिया में हिस्सा लिया और लगातार 10-15 से अधिक प्रश्न पूछे। डॉ. शिरीष कुमार सिंह परियोजना संचालक ने कार्यक्रमों से तकनीकी साक्षरता के साथ-साथ डिजिटल व्यवहार की जानकारी साझा की।

# जापान के अंतरराष्ट्रीय युवा आविष्कारक प्रदर्शनी में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे शहर के विद्यार्थी


**रायपुर।** एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल के सोलह प्रतिभाशाली छात्रों का समूह जापान के अंतरराष्ट्रीय युवा आविष्कारक प्रदर्शनी में शामिल हुए हैं। यह प्रदर्शनी 5 अगस्त से 9 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, जिसमें दुनियाभर के होनहार विद्यार्थी शामिल हुए हैं। ऐसे में भारत का प्रतिनिधित्व शहर के 16 छात्रों की टीम कर रही है। स्कूल के शिक्षक एमएन सिंह जापान के ओसाका में आयोजित प्रदर्शनी-2025 शामिल हुए हैं। यह प्रतिष्ठित आयोजन जापान सरकार और जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन एंड इन्वेंटर्स के सहयोग से किया जा रहा है। आईईवाईआई-2025 में विश्वभर के युवा आविष्कारकों ने भाग लिया है, जो इस कार्यक्रम को युवा प्रतिभाओं के लिए एक वैश्विक मंच बनाता है।



### प्रदर्शनी में शहर के 16 छात्र

*शिक्षक एमएन सिंह ने बताया कि स्कूल के छात्र विभिन्न विषयों पर अपने नवाचारी शोध प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आयोजन हजारों छात्रों को एक साथ लाकर तकनीकी नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है। छात्रों की भागीदारी भारत के आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो 2047 के भारत के विजन से मेल खाती है। प्रदर्शनी में विग्या जैन, आश्वी अग्रवाल, सामाइरा साहू, विहान अग्रवाल, शारव अरोड़ा, वेदिका बांका, अंशिका राजपूत, ऋद्धिमा रामपाल, काव्या गुप्ता, इस्ता दीपक, अक्षज चेकुरी, अक्षय पांडेय, प्रिशा संतवानी, मोक्ष्या अग्रवाल, रणवीर सिंह, शिवांगी साहू ने हिस्सा लिया है।*

# अपनों की याद में डोनेट की चिकित्सा सुविधा, बैंक को मिले नए उपकरण



रायपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय कमल नारायण शर्मा की स्मृति में उनके परिजनों ने 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' सेवा संस्था के चिकित्सा बैंक को नए उपकरण प्रदान किए हैं। यह उपकरण संस्था के मधुमणि सेवा सदन तात्यापारा में स्थापित कार्यालय को दिए हैं, जहां से जरूरतमंद लोगों को महीनेभर उपयोग के लिए निःशुल्क सहायता स्वरूप प्रदान की जाएगी। शर्मा परिवार की ओर से संस्था को चार मेडिकल बेड, चार व्हीलचेयर, तीन वॉकर और जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर दान में प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने स्वर्गीय शर्मा की सुपुत्री सविता पाठक एवं परिवार का आभार व्यक्त किया है।

### जरूरतमंदों को मिलेगा सुविधा का लाभ

उन्होंने कहा कि यह उपकरण गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान साबित होंगे। हम उनकी इस सामाजिक पहल के लिए सदैव ऋणी रहेंगे। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा संस्था पिछले दो वर्षों से चिकित्सा उपकरण बैंक के माध्यम से रोगियों को मेडिकल बेड, व्हील चेयर, वॉकर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जैसे उपकरण निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को चिकित्सा सेवा के रूप में उनकी जरूरत और सुविधा को भी सुलभ बनाना है।

## जन्माष्टमी से पहले बाजारों में रौनक, वृंदावन, बनारस से लाया गया पारंपरिक परिधान

# बाल रूप, वन्य जीवन, मटकी, श्रीराधा-कृष्ण और माता यशोदा की सुंदर तस्वीरों से सजी पोशाक

कार्नर न्यूज



रायपुर। कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शहर के बाजारों में खासा उत्साह और रौनक देखने को मिल रहा है। बाजारों में वृंदावन, बनारस और मथुरा के पारंपरिक और कलात्मक पोशाकों की खास डिमांड देखने को मिल रही हैं, जिसमें ऊन की कारीगरी और बांधनी वर्क विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। लड्डू गोपाल के लिए तैयार मुकुट और रंग-बिरंगे पोशाकों के साथ-साथ पूजन कक्ष सजाने के लिए प्लास्टिक के विभिन्न पशु-पंछी जैसे गाय, घोड़ा, हाथी और मोर भी बाजार में देखने को मिल रहा। इस वर्ष श्रीकृष्ण के बालरूप, वन्य जीवन, मटकी, श्रीराधा-कृष्ण और माता यशोदा की सुंदर तस्वीरों से सजी पोशाक भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। खास अवसर पर जरी वर्क, गोटा, मोती और ऊन के धागों से कढ़ाई की गई चटकदार पोशाक दुकानों में सजे हैं।

### चटकदार रंगों में बांधनी वर्क के पोशाक पहली पसंद

समता कॉलोनी स्थित दुकान संचालक मीना ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष वृंदावन, बनारस और मथुरा से खास पोशाक और मुकुट मंगाया गया है। ऐसे में लड्डू गोपाल के पोशाक में ऊन की कारीगरी विशेष रूप से की गई है। बाजार में मुकुट भी लटकनदार मोतियों से सजकर उपलब्ध हैं। इन सामग्रियों की कीमत 100 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक रखी गई हैं। साथ ही बांधनी वर्क में तैयार गुलाबी, हरा, लाल और पील रंग का पोशाक खरीदारों की पहली पसंद है।



### पोशाक में वन्य जीवन, मटकी, श्रीराधा-कृष्ण, माता यशोदा की तस्वीर

राजेन्द्र नगर स्थित दुकान संचालक रवि मानिकपुरी ने बताया कि दुकान में रंग-बिरंगे धागों से सजी पोशाक मौजूद है। इन पोशाक में श्री कृष्ण के बाल स्वरूप, वन्य जीवन, मटकी, श्रीराधा-कृष्ण, माता यशोदा जैसे कई चित्र बनाए गए हैं। विशेष कारीगरी के साथ तैयार पोशाक वृंदावन से लाया गया है, जिसकी कीमत 300 रुपए तक तय की गई। लड्डू गोपाल के साइज के अनुसार कीमत 3 हजार तक तय है।

### पूजन कक्ष सजाने प्लास्टिक के गाय, घोड़ा, हाथी और मोर लाया गया



आमापारा स्थित दुकान संचालक ज्योति अग्रवाल ने बताया कि दुकान में बांसुरी, पोशाक, मुकुट, आसन, पालकी सजी है। ऐसे में लड्डू गोपाल के लिए सिल्वर-गोल्डन में तैयार प्लास्टिक के गाय, घोड़ा, हाथी और मोर वृंदावन से लाया गया है। घर के पूजन कक्ष को सजाने के लिए विशेष रूप से यह मंगाया गया, जो खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



सावन उत्सव

## हरित परिधान में सावन सेलिब्रेशन, छलका उत्साह



*शहर की महिलाओं के अलग -अलग ग्रुप इन दिनों सावन उत्सव का हिस्सा बन रही हैं। इसी श्रृंखला में कोपल कीर्ति ग्रुप से जुड़ी महिलाएं हरित परिधान में सावन सेलिब्रेशन के लिए पहुंचीं। गीत-संगीत के साथ विविध प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने भाग लिया। इसके चलते आयोजन में उत्साह का माहौल बना।*




*लायंस क्लब महिला विंग ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। इसी क्रम में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर को रोवर रेंजर अवार्ड मिलने की बधाई देते हुए सम्मानित किया। लायंस क्लब के गवर्नर रिपूदमन पुसरी ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया तथा चांदी का मेडल पहनाकर स्वागत किया। मोहन सिंह छाबड़ा, परपिंदर कौर, दिलशारिन कौर, मनजीत कौर और श्वेता सिंह मंचस्थ रहीं।*

● राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर जांजगीर-चांपा के बुनकरों ने परंपरा और आधुनिकता से जुड़ने को बताया संगम

# बस्तर के बुनकरों ने समय के साथ बदली तकनीक नए दौर में ब्रांड बने, कला को मिली नई पहचान

'समय के साथ अब कारीगर भी अपने काम का तौर-तरीका बदलने लगे हैं। हर दौर के साथ हाथ से साड़ी, कपड़े और अब हैंडलूम बनाने वाले बुनकरों ने आगे बढ़कर स्वागत करते हुए, नए बाजार को अपनाया। इतना ही नहीं, छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जैसे दूरस्थ अंचल के बुनकरों ने अपने हुनर और कौशल से ब्रांड बना दिया है। इससे बाजार ही नहीं, शॉप पर लोग हैंडलूम की पूछ-परख करते हैं।'

**रायपुर।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर हरिभूमि ने प्रदेश के जांजगीर-चांपा के उन कारीगरों से बात की, जो सदियों पुरानी हथकरघा कला को आज भी जीवंत रखा है। इस क्षेत्र में रहने वाले हर घर में पुरुष, महिलाएं और बच्चे इस पारंपरिक काम से जुड़े हैं। इससे न केवल उनकी आजीविका चलती है, बल्कि यह कला पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही है। ज्यादातर देवांगन समाज के लोग इस कला से जुड़े हैं। बातचीत के दौरान भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि बाजार





### बस्तर आर्ट से सांस्कृतिक पहचान

छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी कला, जिसे बस्तर आर्ट के नाम से जाना जाता है, साड़ियों पर अपनी पहचान बना रही है। कारीगरों द्वारा बनाई गई कुछ कृतियों को देखकर स्पष्ट होता है कि यह कला अब सिर्फ दीवारों तक सीमित नहीं रही। साड़ियों पर बनी वारली, आदिवासी पेंटिंग्स बस्तर के आदिवासियों के दैनिक जीवन, उनके नृत्य, शिकार और सामाजिक ताने-बाने की कहानियों को बयां करती हैं। पीले और भूरे रंग की एक साड़ी पर आकृतियों से बना नृत्य करता हुआ समूह उनकी संस्कृति को दर्शाता है। वहीं, लाल और सफेद साड़ी पर गांव का पूरा जीवन, जिसमें घर, जानवर और लोग शामिल हैं, बड़ी खूबसूरती से चित्रित किया गया है। जो न केवल आजीविका का साधन बन रही, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान भी बन रही है।





में धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। पहले हम अपनी साड़ियों को स्थानीय बाजारों में बेचते थे, लेकिन अब बड़े ब्रांडों के साथ जुड़कर हमारा काम देश में पहचाना जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि डिजाइनर उनके पास आते और ऑर्डर पर काम करवाते हैं। इससे उन्हें नए-नए डिज़ाइन सीखने का भी मौका मिलता है।

### कई बड़ी कंपनियों से जुड़े हैं कारीगर

उन्होंने बताया कि यह इस बात का प्रमाण है कि हर एक साड़ी को बनाने में कारीगर कितना समय और परिश्रम लगाते हैं। उनकी कला को बढ़ावा देने के लिए टाटा कंपनी उनसे जुड़ी हुई है, जो इन कारीगरों को प्रोत्साहित करती और उनके उत्पादों को एक बड़ा मंच प्रदान करती है। 25,000 से 50,000 रुपए तक की साड़ियां टाटा कंपनी की तनीरा कोसा साड़ी देश में गुणवत्ता और सुंदरता के लिए मशहूर है। इस क्षेत्र के कारीगर तनीरा कोसा साड़ी के लिए भी काम करते हैं। इन साड़ियों के डिज़ाइन जैसे बनारसी, तंचोई, जामदानी, कटवर्क, इकत, जरदोजी और चिकनकारी हर महिला को पसंद आते हैं। इन साड़ियों को बनाने में इस्तेमाल होने वाले महीन धागे और बारीक कारीगरी ही इन्हें इतना खास बनाती है। इन उत्कृष्ट साड़ियों की कीमत 25,000 से 50,000 रुपए तक होती है, जो इनके काम की बारीकी और गुणवत्ता को दर्शाती है।

### साड़ियों को बनाने की प्रक्रिया भी बदली

कारीगर जीवराखन लाल देवांगन ने हथकरघा से बनने वाली साड़ियों की प्रक्रिया को अब भी समझाते हैं। उन्होंने बताया कि साड़ी, सूट और दुपट्टा बनाने का पहला चरण वीविंग का होता है, जिसमें धागों को अलग-अलग किया जाता है। इसके बाद, धागों को अपनी पसंद के रंगों में रंगकर सुखाया जाता है। यह प्रक्रिया एक दिन में पूरी होती है। अगले दिन, कारीगर अपने हाथों से साड़ियों पर कढ़ाई और बुनाई का बारीक काम शुरू करते हैं। इसमें एक-एक धागे को बड़ी सावधानी से बुना जाता है, जो कारीगरों की धैर्य और लगन को दर्शाता है। मानिक दास ने बताया कि एक साधारण साड़ी बनाने में उन्हें दिनभर का समय लगता है। साड़ी में जरी का काम होता है, तो उसे बनाने में 8 से 10 दिन लग जाता है।

समाज लाइव

## उत्कल विप्र समाज की महिलाओं ने सैनिक भाइयों को बांधी राखी



**रायपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक विशेष अभियान के तहत उत्कल विप्र समाज की महिलाओं ने राज्य सैनिक कल्याण कार्यालय के सैनिक भाइयों को राखी बांधी। इस अभियान का उद्देश्य देश की सुरक्षा के लिए निरंतर तत्पर रहने वाले सैनिकों का उत्साह बढ़ाना है। समाज की महिलाओं ने सैनिक भाइयों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु जीवन, सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उत्कल विप्र महिला समाज की अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा ने बताया कि सैनिक हमारे देश के सच्चे सपूत हैं, जो अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश की रक्षा करते हैं। इसलिए, उन्हें रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों के स्नेह से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस पहल से सैनिकों को अपनी सेवा के प्रति और भी प्रोत्साहन मिलेगा, वे देश की सुरक्षा में और अधिक समर्पित हो सकेंगे। इस अवसर पर समाज की ज्योत्सना सतपथी, कविता पंडा, पल्लवी होता, लीना पंडा, मधु सामंतराय, भारती नंदे, सुषमा सामंतराय और लीलीमा पंडा उपस्थित रहीं।

## भगवान शिव, विष्णु और गुरु की निंदा सुनने से बचें, शिवपुराण में पार्वती प्रसंग

**रायपुर।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में जारी श्रीशिव पुराण कथा में सैकड़ों श्रोता हर दिन शामिल हो रहे हैं। आश्रम प्रभारी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज ने बुधवार की कथा में कहा कि बहुत ही उत्कट पुण्य एवं पाप का शीघ्र फल देने वाले होते हैं। एक श्लोक की व्याख्या करते हुए बताया कि तीन वर्ष, तीन माह, तीन पक्ष और तीन दिन में उत्कट पुण्यों एवं पापों का फल प्राणी को प्राप्त हो जाता है। इसलिए, पाप से व्यक्ति को बचाना चाहिए। सती जब शरीर का परित्याग कर रही थी, तब सभासदों को लक्ष्य करते हुए कहा कि यहां शिव का अपमान हो रहा और आप लोग मौन सहमति देते हुए सुन रहे हैं। जहां कहीं भी भगवान शिव, विष्णु और गुरु की निंदा हो रही हो, उस स्थान से व्यक्ति को हट जाना चाहिए, अन्यथा उसको गुरु हत्या का पाप लगता है। कोई मोह वश गुरु की निंदा करता है तो वह मेंढक की योनि में हजारों साल तक दुख भोगता है।



### योग की अग्नि में समाहित कर लिया

*शास्त्रों में उल्लेख है कि गुरु, विष्णु और शिव में कोई भेद नहीं है। जो भेद करता है वह हजारों वर्ष तक नरक की यातनाओं को भोगता है। इसलिए, इन तीनों में से किसी एक की भी निंदा सुनना पाप कहलाता है। ऐसा कहते हुए सती ने अपने मन में भगवान का स्मरण किया और प्रार्थना की कि जब-जब मुझे स्त्री का जन्म प्राप्त हो, मैं शिव की पत्नी बन कर भवानी कहलाऊं। इन शब्दों के साथ उन्होंने शरीर को योग की अग्नि में समाहित कर लिया। इस दौरान सती चार प्रकार की अग्निओं से जल रही थीं। एक बिरह की अग्नि, जो पति शिव ने उनका परित्याग कर दिया था। दूसरा क्रोध की अग्नि, यज्ञ में शिव का अपमान देखकर उत्पन्न क्रोध से जल रही थीं। तीसरी अपने अपमान की अग्नि और चौथी यज्ञ की अग्नि।*

## 10 अगस्त को अष्टापद महातीर्थ भाव यात्रा का आयोजन, सैकड़ों श्रद्धालु होंगे शामिल

**रायपुर।** श्री विमल नाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट व चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री नाकोड़ा भैरव सोसायटी में अष्टापद महातीर्थ भाव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 10 अगस्त को सुबह 8 बजे संघपति शेखर श्वेता कोठारी परिवार भैरव सोसायटी के आवास से प्रारंभ होगी। जहां चतुर्विद् संघ यात्रा में शामिल होंगे। भाव यात्रा में सैकड़ों तपस्वी व धर्म प्रेमी शामिल होंगे। साधार्मिक यात्रा सोसायटी में भ्रमण करने के पश्चात हीरसुरी भवन पहुंचेगी, जहां महातीर्थ की महिमा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस भाव यात्रा के अवसर पर 15 अगस्त के शत्रुंजय तप के पारना उत्सव से संबंधित लाभ की बोलियां भी लाभार्थियों को दी जाएगी। 105 से अधिक तपस्वियों द्वारा कठिन शत्रुंजय तप किया जा रहा है, जिसका छठवां पारना बुधवार को संपन्न हुआ। ऐसे में कई तपस्वी 30 दिन का उपवास व महामृत्युंजय महातप कर रहे हैं।



### तपस्वी कर रहें, 30 दिन का उपवास

*भव्य यात्रा की तैयारी जोरशोर से चल रही है। परम पूज्य साधु भगवंत जयपाल विजय, प्रियदर्शी विजय, तीर्थ प्रेम विजय एवं साध्वी भगवंत अक्षय निधि जैसे कई अष्टापद महातीर्थ की भाव यात्रा निकल जा रही है। हीरसुरी भवन में भाव यात्रा के लिए विशेष तैयारी की गई है, जिसमें अष्टापद महातीर्थ का प्रतिबिंब बनाया गया है। चातुर्मास समिति के शेखर कोठारी, परास बर्दिया यात्रा में मुख्य रूप से शामिल होंगे।*

धर्म इवेंट

## ज्योतिष और अंक ज्योतिष पर विशेषज्ञों ने किया वर्कशाप



**रायपुर।** वेदांक एस्ट्रो अकादमी द्वारा राजधानी में ज्योतिष और अंक ज्योतिष पर आधारित दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन पचपेड़ी नाका रोड स्थित एक होटल में किया गया। इसकी प्रमुख डॉ. भाग्या शर्मा रही। वेदांक एस्ट्रो अकादमी की पहली ब्रांच द विशन का कौशल्या विहार सेक्टर 6 में आरंभ किया गया है। उन्होंने इसका उद्देश्य लोगों के जीवन से जुड़ी समस्याओं का समाधान ज्योतिषीय विज्ञान के माध्यम से करना बताया है। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में जन्मतिथि और मोबाइल नंबर के जरिए व्यक्ति के कॅरियर, आर्थिक स्थिति और रिश्तों पर प्रभाव की जानकारी दी गई। प्रथम दिवस के सत्र में भारत के प्रख्यात अंकविशेषज्ञ डॉ. कुमार एवं वामिका परमार द्वारा प्रतिभागियों को व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। उनके जन्म की तारीख, समय और मोबाइल नंबर के आधार पर विश्लेषण किया गया, जिससे उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन मिला।

### देश भर से पहुंचे ज्योतिषाचार्य

वेदांक एस्ट्रो अकादमी द्वारा राजधानी में आयोजित ज्योतिष और अंक ज्योतिष पर आधारित दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुणे से स्फूर्ति हीरेमठ, ग्राफोलॉजिस्ट, मुंबई से वर्षा साहू, दुर्ग से शशिकांता पात्रे, धमतरी से सूर्यकांत सोनवानी एवं रायपुर से नीता वर्मा उपस्थित थी। साथ ही बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के भविष्य को लेकर नए कलाकारों, फिल्म निर्माताओं में उत्साह

# छत्तीसगढ़ी फिल्मों में फ्रेश कंटेंट का नया प्रयोग हुआ हिट, सिनेमाघरों तक खींचे आ रहे दर्शक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्मों की लोकप्रियता दिनों-दिन स्थानीय दर्शकों में तेजी से बढ़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ी सिनेमा में फ्रेश कंटेट के नए प्रयोग से छत्तीसगढ़ी फिल्में लगातार दर्शकों के बीच हिट साबित हो रही हैं। वह दिन दूर नहीं, जब दूसरी भाषा व रीजनल सिनेमा की तरह छत्तीसगढ़ी फिल्में भी दुनियाभर में देखी जाएंगी। छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण व अभिनय के क्षेत्र में नए कलाकारों, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, एडवांस सिनेमेटोग्रॉफी, कोरियोग्रॉफी, मेकअप, लोकेशन सेट, संगीत के नए प्रयोग ने छत्तीसगढ़ी फिल्म का स्टैंडर्ड बढ़ा दिया है। इसका असर दर्शकों के पसंद पर सीधे देखने को मिल रहा है, जो सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हर छत्तीसगढ़ी फिल्मों को देखने फ्राइडे फर्स्ट शो में पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को शहर के सिनेमाघरों व सिनेप्लेक्स की टिकट खिड़की पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों को लेकर ऑडियंस की भीड़ दिखी।





शुक्रवार को एक नई छत्तीसगढ़ी फिल्म सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई। इस फिल्म को देखने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस फिल्म के निर्माता भूपेंद्र चंदनिया का कहना है कि अब छत्तीसगढ़ी फिल्मों की दर्शकों को मूवी में फ्रेश कंटेंट के साथ उन्हें खुद से जुड़ी कहानियां, एडवांस कैमरा टेक्नोलॉजी के साथ प्रस्तुतिकरण ने छत्तीसगढ़ी फिल्म को नया क्लेवर दिया। पारंपरिक कहानी कहने व दिखाने के तरीकों के साथ-साथ, कॉमेडी, ड्रामा, एक्शन, और थ्रिलर जैसी शैली का उपयोग किया जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहें कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों में फ्रेश कंटेंट, जो दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करे, बल्कि उन्हें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, इतिहास और वर्तमान जीवन से भी परिचित कराए, इसी को हम बेहतर तरीके से पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### फर्स्ट शो का बेताबी से इंताजर कर रहे दर्शक

*छत्तीसगढ़ी फिल्म के नए फिल्म निर्माता, लेखक भूपेंद्र चंदनिया का कहना है कि दर्शकों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जैसे ही कोई छत्तीसगढ़ी फिल्म का पोस्टर, म्यूजिक या रिलीज डेट मालूम होती है। उस फिल्म को लेकर दर्शक बेताब हो जाते हैं और रिलीज डेट पर शहर के सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स सिनेमा के टिकट काउंटर पर फर्स्ट शो का टिकट लेने लाइन में लग जाते हैं। सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर उमड़ रही दर्शकों की भीड़ ने नए फिल्म निर्माताओं व कलाकारों में छत्तीसगढ़ी सिनेमा को लेकर साहस का संचार किया है।*

### फ्लोर पर कई और फिल्में

*शहर के सिनेमाघरों व सिनेप्लेक्स के बाहर जुलाई महीने में रिलीज होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्मों के पोस्टर लगे हुए हैं। इन पोस्टर्स में 11 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है उत्तम तिवरी कृत फिल्म तोर संग मया लागे, 25 जुलाई को जित्तु के दुल्हनिया और अगले महीने 1 अगस्त को करन खान स्टारर व अनुपम वर्मा कृत मोही डारे -2 रिलीज होने जा रही है। वहीं अपकमिंग सून में फिल्म में भारती वर्मा निर्देशित डार्लिंग प्यार झुकता नहीं अगेन और एल्सा घोष स्टारर निर्माता अजय सिंह राजपूत, रोशन वीरवानी की ओह तेरी हंगामा हो गया फ्लोर पर है।*

## सिटी स्पोर्ट्स

### बुची बाबू क्रिकेट के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित, अमनदीप कप्तान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 18 अगस्त से तमिलनाडु में आयोजित बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 में हिस्सा लेगी। टीम के कप्तान अमनदीप खरे है। टीम के खिलाड़ियों में आदित्य सरवटे (पेशेवर),आशीष चौहान रायपुर, आशुतोष सिंह सरगुजा, अवनीश सिंह धालीवाल रायपुर, आयुष पांडे रायपुर,देव आदित्य सिंह बी.एस.पी, हरविंदर सिंह सरगुजा, मयंक यादव बिलासपुर, राहुल प्रधान (विकेट कीपर) सरगुजा, रवि किरण (पेशेवर), ऋषि शर्मा रायपुर, सहबान खान जांजगीर चांपा, संजीत देसाई भिलाई, शशांक चंद्राकर (विकेट कीपर) महासमुंद, शशांक तिवारी धमतरी, शुभम अग्रवाल रायगढ़,सौरभ मजूमदार बस्तर और वरुण सिंह भुई रायपुर शामिल हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बनाम महाराष्ट्र का मैच 18 अगस्त से 20 अगस्त तक गुरु नानक कॉलेज में होगा। 21 अगस्त विश्राम दिवस होगा। छत्तीसगढ़ बनाम हिमाचल प्रदेश का मुकाबला 22 अगस्त से 24 अगस्त एसएसएन कॉलेज में होगा और 25 अगस्त विश्राम दिवस होगा। इसी तरह छत्तीसगढ़ बनाम बंगाल का मुकाबला 26 से 28 अगस्त होगा। 29 और 30 अगस्त विश्राम दिवस होगा। सेमीफाइनल मैच 31 अगस्त से 3 सितंबर तक होगा और 4 व 5 सितंबर विश्राम दिवस होगा। फाइनल मुकाबला 6 सितंबर से 9 सितंबर तक खेला जाएगा।

### चुने गए शालेय टेबल टेनिस के खिलाड़ी




**भिलाई।** दुर्ग संभाग अंतर शालेय टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की ओर से स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर भिलाई में किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीन वर्गों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैचो के परिणामों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनमें अंडर-17 बालक वर्ग रितेश निषाद (दुर्ग), भुनेश्वर साहू (दुर्ग), वैभव साहू (दुर्ग), अरमान सोनवानी (दुर्ग), खेमेन्द्र साहू ( बालोद), चयनित खिलाड़ी अंडर-19 बालक वर्ग मिथिलेश (बालोद), सूरज (बालोद), रोहन (बालोद), मंगेश सेन (दुर्ग) और साहिल जांगड़े (दुर्ग) शामिल हैं। प्रतियोगिता में मैचो के अंपायर प्रज्ञा पाठक, सूची वर्मा, वामेंद्र सिन्हा, अमन वर्मा एवं कमलकांत थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे थे। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए व्यायाम शिक्षक रंजीता दास, रंजना साहू, शिक्षा, रचना मिश्रा, कुमारी काजल, एम रविराज, देवीलाल साहू, शिव शंकर साहू, हरिशंकर चंदेल, अनूप सिंह, मनीष साहू, अखिलेश मिश्रा, तरुण एवं सुशील मिश्रा उपस्थित थे।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ को 13 गोल्ड



**रायपुर।** गुजरात के मेहसाणा जिले में नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 1 से 3 अगस्त को किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ को 13 गोल्ड, 4 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल मिला। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें छत्तीसगढ़ के विजयी खिलाड़ी में रोहित कुमार चौधरी 3 गोल्ड, कीर्ति नायक 1 गोल्ड, 1 सिल्वर ,नाहिद अख्तर 1 गोल्ड, 1सिल्वर, बसना के पार्षद प्रेम राजन 3 गोल्ड, आस्था झा 3 गोल्ड, मनीरा तांडी 1सिल्वर, कृष्णा साहू 1 ब्रॉन्ज, तेजस हेड़ाऊ 2 गोल्ड ,मुकेश कहार ने 1 सिल्वर मेडल हासिल किए। आलोक शर्मा का भी प्रदर्शन अच्छा रहा ।

### ईस्ट ज़ोन टेबल टेनिस में अर्जुन ने जीता गोल्ड




**रायपुर।** सीबीएसई क्लस्टर 2 ईस्ट ज़ोन टेबल टेनिस स्पर्धा राजधानी के इंटरनेशनल केपीएस स्कूल में आयोजित की गई। जिसमे स्थानीय आरम्भ स्कूल के खिलाडी अर्जुन मल्होत्रा ने अंडर-19 कैटेगरी में पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी को हराते हुए सिंग्ल्स मे गोल्ड मेडल पर कब्ज़ा जमाया।

## वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञों ने जारी किया अलर्ट

# इस मौसम में रहें सावधान, निमोनिया-फेफड़ों में संक्रमण वाले वायरस का बढ़ रहा है खतरा

हालिया रिपोर्ट में यूनाइटेड किंगडम के कई हिस्सों में एक और वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर अलर्ट किया गया है। खबरों के मुताबिक ब्रिटेन में स्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) का जोखिम देखा जा रहा है जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा हो सकता है।

वैश्विक स्तर पर पिछले एक दशक में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से उभरते हुए देखा गया है, जिसके कारण न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है बल्कि लाखों लोगों की इससे मौतें भी हुई हैं। साल 2019 के आखिरी के महीनों में शुरू हुई सार्स-सीओवी-2 (कोरोना महामारी) हो या फिर इसी दौरान फैला ब्लैक फंगस (म्यूकोरमाइकोसिस) का संक्रमण, बर्ड फ्लू हो या फिर मार्स सीओवी के मामले इन सबने दुनियाभर के वैज्ञानिकों को काफी परेशान किया है। इसी क्रम में हालिया रिपोर्ट में यूनाइटेड किंगडम के कई हिस्सों में एक और वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर अलर्ट किया गया है। खबरों के मुताबिक ब्रिटेन में स्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) का जोखिम देखा जा रहा है जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा हो सकता है। ब्रिटेन से पहले ऑस्ट्रेलिया में भी इस साल पहले ही रिकॉर्ड संख्या में मामले दर्ज हो चुके हैं। पतझड़ के महीनों में इस वायरस का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके चलते अस्पतालों में श्वसन संबंधित समस्याओं के रोगियों के मामलों में भी उछाल दर्ज किया जाता रहा है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस वायरस के संक्रमण के कारण वयस्कों में निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण जैसी गंभीर सांस संबंधी जटिलताएं भी हो सकती हैं, ऐसे में इस वायरस से बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहना भी जरूरी है। भारत में भी इस वायरस के संक्रमण का खतरा हो सकता है।

### निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण वाले वायरस का खतरा

नेशनल हेल्थ सर्विसेज (एनएचएस) विशेषज्ञों का मानना है कि खांसी और छींक से फैलने वाले इस वायरस के कारण हर साल ब्रिटेन में लगभग 30,000 बच्चे और 18,000 वयस्क निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण जैसी गंभीर सांस संबंधी जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती होते हैं। यह वायरस शिशुओं में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। हर सर्दियों में लगभग 20 से 30 बच्चे इस वायरस के कारण मौत का शिकार होते हैं। अनुमान है कि इसी अवधि में 8,000 वयस्कों की मृत्यु भी इसी वायरस के कारण होती है, क्योंकि यह संक्रमण रोगियों के हृदय पर दबाव बढ़ाता है और हृदय से संबंधित जटिलताओं का कारण हो सकती है। अधिकारियों ने सभी लोगों को इस वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने की सलाह दी है।

### हल्के से गंभीर तक हो सकते हैं इसके लक्षण

एनएचएस इंग्लैंड की मुख्य मिडवाइफरी अधिकारी केट ब्रिंटवर्थ ने कहा, ज्यादातर वयस्कों में आरएसवी केवल हल्के, सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है, हालांकि वृद्ध और छोटे बच्चों में यह गंभीर सांस संबंधित समस्याएं पैदा कर सकता है जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान टीका लगवाना आपके बच्चे को जन्म से ही सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा तरीका है। अब समय आ गया है कि सभी माएं वैक्सीनेशन के बारे में डॉक्टर की सलाह लें।

### गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कराने की सलाह

पिछले हफ़्ते, यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से यह भी पता चला है कि गर्भवती महिलाओं का अगर टीकाकरण हो जाता है तो ये उनके बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने से लगभग तीन-चौथाई (72 प्रतिशत) तक बचा सकता है। टीकाकरण के बाद गर्भवती



के शरीर में उत्पादित एंटीबॉडी गर्भ में ही उनके बच्चों तक पहुंच जाती हैं, जो जन्म के बाद पहले छह महीनों तक उनकी सुरक्षा दे सकती हैं।

### इस संक्रमण से कैसे बचें?


स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एक बार आरएसवी होने के बाद, आप दोबारा संक्रमित हो सकते हैं। यह भी संभव है कि यह उसी सीजन में हो, हालांकि, लक्षण आमतौर पर उतने गंभीर नहीं होते। वैक्सीनेशन के साथ लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव आपको इस बीमारी से बचाए रखने में सहायक हो सकता है। अपने हाथ बार-बार धोएं। बच्चों को हाथ धोने का महत्व सिखाएं। संक्रमण से बचाव और इसके प्रसार को रोकने के लिए खांसते या छींकते समय अपना मुंह और नाक ढकें।



## शरीर में इन पोषक तत्वों की कमी से भी बन जाती है काम टालने की आदत

काम टालना एक आम आदत है, जो अधिकतर लोग करते हैं। किसी काम करने के बारे में सोचते तो हैं, लेकिन टालमटोल करके वो नहीं कर पाते हैं। इसे प्रोकास्टिनेशन भी कहते हैं। यह एक ऐसी समस्या है, जो कुछ मामलों में पोषक तत्वों की कमी से भी हो सकती है। आइए इसी के बारे में जानते हैं। क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो अक्सर जरूरी कामों को टालते रहते हैं? क्या आपको भी हर काम की शुरुआत करने में मुश्किल होती है और आप आलस महसूस करते हैं? अक्सर हम इस आदत को अनुशासन की कमी या आलस्य से जोड़कर देखते हैं। इसे आम बोलचाल में टालमटोल करना या प्रोकास्टिनेशन कहते हैं।

लेकिन कुछ मामलों में ये सिर्फ मानसिक कारण नहीं होता, बल्कि काम टालने की आदत के पीछे हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी एक बड़ा कारण हो सकती है। हमारा दिमाग और शरीर सही तरीके से काम करने के लिए विटामिन, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों पर निर्भर करता है। जब इन पोषक तत्वों की कमी होती है, तो यह हमारे ऊर्जा स्तर, एकाग्रता और प्रेरणा को सीधे तौर पर प्रभावित करता



है, जिससे काम को टालने की आदत और बढ़ जाती है। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### आयरन की कमी

आयरन हमारे शरीर के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण खनिज है, जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन में मदद करता है। हीमोग्लोबिन पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब शरीर में आयरन की कमी होती है, जिसे एनीमिया भी कहते हैं, तो मस्तिष्क और मांसपेशियों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। इसके कारण व्यक्ति को लगातार थकान और कमजोरी महसूस होती है। ऐसे में, किसी भी काम को शुरू करने या उसे पूरा करने की ऊर्जा ही नहीं बचती, जिसके परिणामस्वरूप काम टालने की आदत बढ़ जाती है।

विटामिन बी12 हमारे नर्वस सिस्टम और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह न्यूरोट्रांसमीटर के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है, जो मूड और एकाग्रता को नियंत्रित करते हैं। विटामिन बी12 की कमी से 'ब्रेन फॉग' यानी दिमाग में धुंधलापन महसूस हो सकता है, जिससे ध्यान केंद्रित करना और जटिल कार्यों को समझना मुश्किल हो जाता है। जब कोई काम मुश्किल लगता है, तो उसे टालना आसान हो जाता है, और यही स्थिति काम टालने की आदत को बढ़ावा देती है।

मैग्नीशियम एक ऐसा खनिज है जो शरीर में 300 से अधिक रासायनिक प्रतिक्रियाओं में शामिल होता है। यह तनाव को कम करने और नींद की गुणवत्ता सुधारने में मदद करता है। इसकी कमी से बेचैनी, चिड़चिड़ापन और नींद न आने की समस्या हो सकती है, जो काम करने की इच्छा को कम कर देती है।

## वास्तु यंत्र घर पर रखना हो तो जानें तरीका

वास्तु के अनुसार वास्तु यंत्र की घर में स्थापना करना काफी अच्छा माना जाता है। यह एक छोटा सा यंत्र है, जो आपके घर में पॉजिटिविटी को बनाए रखने में मदद करता है। वास्तुशास्त्री डॉ आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि घर में वास्तु यंत्र रखते समय आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए-

### ईशान कोण में रखें वास्तु यंत्र

जब आप अपने घर में वास्तु यंत्र रखते हैं तो आपको दिशा व स्थान का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। वास्तु यंत्र के लिए ईशान कोण अर्थात पूर्व-उत्तर की दिशा सबसे अच्छी मानी गई है। हालांकि, अगर आप चाहें तो वास्तु यंत्र को पूजा स्थान में या फिर भगवान की फोटो के करीब भी रख सकते हैं।

### धातु पर दें ध्यान

आजकल वास्तु यंत्र कई अलग-अलग धातुओं पर उकेरे जाते हैं। आप चांदी, सोने,



ताम्रपत्र या क्रिस्टल का वास्तु यंत्र इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, पीतल का वास्तु यंत्र भी घर में रखा जा सकता है। लेकिन कभी भी लोहे या पत्थर पर वास्तु यंत्र अंकित ना करें।

### जरूर देखें शुभ मुहूर्त

जब भी आप घर में वास्तु यंत्र की स्थापना कर रहे हैं तो हमेशा आपको शुभ मुहूर्त अवश्य देखना चाहिए। कभी भी रविवार या मंगलवार के दिन वास्तु यंत्र की स्थापना ना करें। इतना ही नहीं, वास्तु यंत्र की स्थापना करने से पहले उसे गंगाजल से साफ करें।

## घर के मंदिर में मूर्तियां रखने जानें विधि सम्मत सारे नियम

घर में पूजा घर का विशेष महत्व होता है। यह एक ऐसा स्थान होता है, जहां ऊर्जा का संचार सबसे शुद्ध और सकारात्मक माना जाता है। इसलिए इसे हमेशा साफ-सुथरा और नियमों के अनुसार रखना जरूरी है। वास्तु शास्त्र में पूजा घर से जुड़े कुछ नियम बताए गए हैं।



### राधा-कृष्ण की मूर्ति

वास्तु के अनुसार पूजा घर में राधा-कृष्ण की मूर्ति साथ में रखना बहुत शुभ माना जाता है। यह प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होता है।

### विष्णु और शिवलिंग साथ में न रखें

भगवान विष्णु और शिवलिंग को एक ही स्थान पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि दोनों की पूजा विधियां अलग होती हैं।

### त्रिदेव की मूर्ति एक साथ न रखें

ब्रह्मा, विष्णु और महेश, इन तीनों की प्रतिमाएं एक साथ रखने से बचना चाहिए। यह वास्तु नियमों के अनुसार उचित नहीं माना जाता।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'हेड ऑफ स्टेट्स' में पर्दे से निकली अमेरिकी कूटनीति की नई पटकथा



जुलाई की शुरुआत में प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'हेड ऑफ स्टेट्स' रिलीज हुई थी। इस फिल्म को लेकर काफी बज भी नजर आया था। इस फिल्म में प्रियंका के अपोजिट जॉन सीना नजर आए थे। फिल्म किस नेरेटिव से होकर गुजरती है और इसकी प्रस्तुति कैसी है, यह जानने दर्शक भी उत्सुक हैं। प्राइम वीडियो पर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हेड ऑफ स्टेट न केवल एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म है, बल्कि यह पश्चिमी कूटनीतिक सोच, सत्ता की संरचना और वैश्विक गठबंधनों विशेष रूप से नाटो को लेकर बनाए गए नेरेटिव की एक सधी हुई प्रस्तुति है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा एक एमआई 6 एजेंट की भूमिका में हैं जो ब्रिटिश प्रधानमंत्री की पूर्व प्रेमिका भी हैं। फिल्म का नायक एक एक्शन हीरो से अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है और अंततः एक अंतरराष्ट्रीय संकट का नायक बनकर उभरता है। फ़िल्म का मूल संदेश यह है कि चाहे दुनिया कितनी ही विघटित क्यों न हो जाए, अगर अमेरिका और ब्रिटेन साथ हैं, तो सब कुछ ठीक हो सकता है। यह स्क्रिप्ट इतनी जानी-पहचानी है कि अब यह क्लासिक बन चुकी है। फिल्म की कहानी उस समय सेट की गई है जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच अविश्वास की खाई चौड़ी हो चुकी है। यूरोपीय राष्ट्र नाटो से अलग होने की कगार पर हैं, और अमेरिका का राष्ट्रपति खुद एक झटके में अकेला रह जाता है। लेकिन जैसे ही दुश्मन सक्रिय होता है, वही पुराने नैरेटिव वापस लौट आते हैं लोकतंत्र खतरे में है, पश्चिमी मूल्य प्रणाली को बचाना है, और हम नहीं लड़े, तो दुनिया बर्बाद हो जाएगी।

### टॉलीवुड

## सलमान की नई फिल्म 'डीक्यू41' की लॉन्च पर नानी भी दिखे साथ



अभिनेता दुलकर सलमान नई फिल्म 'डीक्यू41' में नजर आएंगे। कुछ ही देर पहले निर्माताओं ने फिल्म के शुभारंभ की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर फिल्म की घोषणा की है। इस मौके पर नेचुरल स्टार नानी भी शामिल हुए।

सीता रामम और लकी भास्कर जैसी तेलुगु फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके दुलकर सलमान ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म 'डीक्यू41' की घोषणा की है। उन्होंने शुभारंभ की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस लॉन्च पर साउथ नेचुरल स्टार नानी भी नजर आए।

आज हैदराबाद में एक बड़े लॉन्च इवेंट में दुलकर सलमान की नई फिल्म 'डीक्यू41' की घोषणा की गई। इस मौके पर साउथ स्टार नानी, जो दुलकर के अच्छे दोस्त हैं, उन्होंने शुभ मुहूर्त शॉट के लिए क्लैपबोर्ड बजाया। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर इस इवेंट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें दुलकर और नानी नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि यह फिल्म एक दिल को छूने वाली प्रेम कहानी है, जिसका पूजा समारोह भव्य रूप से हुआ। इन शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुप्रतीक्षित डीक्यू41 - एक दिल को छू लेने वाली समकालीन प्रेम कहानी - एक पूजा समारोह के साथ भव्य रूप से लॉन्च हुई।'

निर्देशक बुची बाबू सना ने कैमरा शुरू किया, जबकि नानी, गुन्नम संदीप और राम्या गुन्नम ने स्क्रिप्ट सौंपी। पहला शॉट रवि नेलाकुदिति ने खुद डायरेक्ट किया। इस मौके पर निर्देशक श्रीकांत ओडेला भी मौजूद थे। फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। सिनेमैटोग्राफी अनय ओम गोस्वामी करेंगे, संगीत जीवी प्रकाश कुमार देंगे और प्रोडक्शन डिजाइन अविनाश कोल्ला का होगा। यह फिल्म पूरे भारत में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'हर बार टूटने के बाद भी...', अक्षरा ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट



अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे जिंदगी और सकारात्मकता की बात करती दिखी हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे यहां अपने स्टाइलिश लुक शेयर करती हैं, साथ ही अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट भी शेयर करती दिखती हैं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ क्रिप्टिक कैप्शन लिखा है।अक्षरा ट्रेडिशनल लुक में दुपट्टा फ्लॉन्ट करते हुए पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'कठोर होना आसान है इस दुनिया में, पर हर बार टूटने के बाद भी कोमल दिल के साथ जीना, वह हिम्मत है'। अक्षरा सिंह ने अपने पोस्ट के साथ लिखा है, 'दूसरों के प्रित करुण रहें'। नेटिजन्स की इस पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। अधिकांश लोग रेड हार्ट इमोजी बना रहे हैं। उनके लुक के साथ-साथ कैप्शन की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा अक्षरा बहन'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'अक्षरा अब आपको बॉलीवुड जाना चाहिए'। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की निजी जिंदगी की अगर बात करें तो उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ जुड़ चुका है। कभी अक्षरा सिंह और पवन सिंह का कथित अफेयर खूब सुर्खियों में रहा। दोनों ने साथ में फिल्मों में काम भी किया। हालांकि, अब दोनों की राहें जुदा हैं।


### लाइफ स्टाइल




राजस्थान का 'दाबू' शिल्प

मुंबई का लैक्मे फैशन वीक देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। इस बार फोकस था टिकाऊ यानि सस्टेनेबल फैशन पर। जिसमें पाँच से ज़्यादा डिज़ाइनरों और लेबल्स ने खादी और भारत के अन्य स्वदेशी वस्त्रों और शिल्पों पर अपनी राय पेश की। यहां राजस्थान की हैंडब्लॉक प्रिंटिंग तकनीक 'दाबू' को खास तौर पर पसंद किया गया। डिजाइनर अनाविला ने इस कला का इस्तेमाल अपने कलेक्शन में किया।

## राखी के लिए इस फेसपैक से दमकाएं अपना चेहरा



अब रक्षाबंधन के त्योहार में कुछ ही दिन बचे हैं। इस साल राखी का त्योहार 9 अगस्त, दिन शनिवार को मनाया जाएगा। ये दिन भाई-बहनों के लिए बेहद खास होता है, इसलिए इस दिन खास तरह से तैयार होना तो बनता है। अगर आप भी राखी के दिन सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आज से राखी तक के बीच के समय में एक फेस पैक इस्तेमाल करें। ये फेस पैक चेहरे को तुरंत निखारने में मदद करता है, जो राखी जैसे पर्व के लिए एकदम सही है।

फेस पैक बनाने एक बड़ा चम्मच बेसन, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी और 1 छोटा चम्मच दही चाहिए। इस फेसपैक को बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में एक बड़ा चम्मच बेसन ले लें। अब इस बेसन में चुटकीभर हल्दी मिक्स करें। इन दोनों चीजों को मिक्स करने के बाद थोड़ा-थोड़ा करके दही मिक्स करें। ध्यान रखें दही सिर्फ इतना ही हो, जिससे हल्दी और बेसन का गाढ़ा पेस्ट बन के तैयार हो जाए। ये पेस्ट न तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और न ही पतला।

कैसे करें इस्तेमाल ?

फेसपैक तैयार होने के बाद बारी आती है इसे सही से अप्लाई करने की। तो उसके लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। गंदे चेहरे पर फेसपैक इस्तेमाल करने का कोई फायदा नहीं है। चेहरा धोने के बाद इस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। अब इसे कम से कम बीस मिनट के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को हलका गीला करें और मसाज करते हुए फेस पैक को साफ कर लें। इससे ये आसानी से हट जाएगा।

बरतें ये सावधानी

आप आज से लेकर राखी के त्योहार के बीच में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस फेस पैक को बनाते समय आपको खास सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे कि अगर आप हल्दी ज्यादा डालेंगी तो आपका चेहरा पीला पड़ सकता है। इसलिए हल्दी की मात्रा का खास ध्यान रखें। हल्दी और दही हर किसी को सूट नहीं करता है, इसलिए इसके इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि एलर्जी की संभावना न रहे।

## एलिगेंट लुक के लिए बेस्ट हैं डिजाइनर साड़ी, इस तरह करें स्टाइल





साड़ी में एलिगेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह की डिजाइनर साड़ी का चुनाव कर सकती हैं और इस साड़ी में आपका लुक अलग और सुंदर नजर आएगा। हर महिला को साड़ी स्टाइल करना पसंद होता है। इसलिए कई सारे खास मौकों पर ब्यूटीफुल नजर आने के लिए महिलाएं बेस्ट साड़ी का चुनाव करती हैं। आजकल बाजार में आपको कई तरह साड़ी के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप पहनकर सुंदर नजर आएंगी। लेकिन, अगर आपको कुछ न्यू ट्राई करना है, तो इसके लिए इस आर्टिकल में दिखाई गई डिजाइनर साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट नजर आएगा।

### एलिगेंट लुक के लिए डिजाइनर साड़ी करें ट्राई



एलिगेंट लुक पाने के लिए आपको कुछ डिजाइनर साड़ी के ऑप्शन देखने चाहिए। इस तरह की साड़ी में आपका लुक सुंदर नजर आएगा और इस तरह की साड़ी कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड साड़ी

अपने लुक को परफेक्ट तरीके से क्रिएट करने के लिए आप इस तरह की डिजिटल प्रिंटेड साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इसके अलावा इस साड़ी के बॉर्डर पर भी वर्क किया हुआ है। इस साड़ी को आप स्लीवलेस वाला ब्लाउज वियर कर सकती हैं साथ ही, इस साड़ी के साथ आप हैवी ज्वेलरी वियर करें। मार्केट और ऑनलाइन प्लेटफार्म दोनों ही जगहों पर आपको ये साड़ी 1,500 रुपये में मिल जाएंगी।

### जरी वर्क साड़ी

अगर आपको सिंपल साड़ी चाहिए, तो ऐसे में आप इस तरह की जरी वर्क साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी के बॉर्डर में जरी वर्क किया हुआ है और इस तरह की साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह साड़ी आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ 1 हजार रुपये में मिल सकती है। इस साड़ी में आपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप सिंपल नेकलेस और झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

## सोने की अंगूठी की नई डिजाइन से आपको मिलेगा रॉयल लुक

हर मां अपनी बेटी के लिए सोने की ज्वेलरी बनाकर रखती हैं।ऐसे में अगर आप भी अपनी बेटी या बहु के लिए सोने की ज्वेलरी में अंगूठी बनवाने का सोच रही हैं और आप अंगूठी की नई डिजाइन भी तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं।



### स्क्वायर शेप लीफ गोल्ड रिंग डिजाइन

फैशन के बदलते दौर में अधिकतर महिलाएं डिजाइनर और नग वाली अंगूठी पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अंगूठी की डिजाइन तलाश रही हैं, तो आप इस खूबसूरत स्क्वायर शेप लीफ गोल्ड रिंग डिजाइन को शामिल कर सकती हैं। यही नहीं इस तरह की अंगूठी की डिजाइन आप अपनी बेटी के लिए भी बनवा सकती हैं। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल इंस्पायर्ड गोल्ड रिंग डिजाइन

अगर आप अपनी बेटी या बहु के लिए गोल्ड रिंग तलाश रही हैं, तो अब आप उन्हें यह खूबसूरत फ्लोरल इंस्पायर्ड गोल्ड रिंग डिजाइन को भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इस तरह की रिंग को आप कन्यादान या मुह दिखाई के वक्त दे कर अपनी बेटी या बहू को खुश कर सकती हैं। इसकी डिजाइन को देखते ही आपकी बेटी या बहू खुशी से झूम उठेगी। इस डिजाइन वाली अंगूठी को आप सुनार के यहां बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।अगर आप किसी त्यौहार पर अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं और ऐसे में ऑउटफिट के साथ पहनने के लिए सोने की ज्वेलरी भी तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत मैंगो डिजाइन गोल्ड रिंग भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

## रक्षाबंधन को खास बनाने ब्लाउज के खूबसूरत बैक डिजाइन

रक्षाबंधन के खास मौके पर अगर आप भी साड़ी पहनने का सोच रही है और इसके लिए साड़ी के साथ ब्लाउज बनवाने वाली है, तो अब आप ब्लाउज बनवाने से थोड़ा विचार करें। आपको कुछ ऐसी खूबसूरत बैक नेकलाइन डिजाइन के बारे में जानना चाहिए।

### बैक वी-नेकलाइन के साथ कट आउट

अगर आप रक्षाबंधन पर साड़ी पहनने का प्लान कर रही हैं और इसके साथ डिजाइनर ब्लाउज शामिल करने वाली है, तो अब इस खूबसूरत वी-नेकलाइन के साथ कट आउट डिजाइन को बनवा सकती है। इस तरह की बैक बैक नेक लाइन आपके साड़ी लुक को डिफरेंट और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगी और इस साल रक्षाबंधन के त्यौहार को यादगार भी बना देगी। आप ऐसे ब्लाउज को बाजार से कपडा लेकर बनवा सकती हैं।



### टाई-बैक डोरी के साथ यू-आकार स्कैलप्ड किनारा डिजाइन

साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज सही रहेगा और किस तरह की नेकलाइन बेस्ट है। इस बात को लेकर अगर आप भी कंफ्यूज रहती है, तो अब आप इस खूबसूरत टाई-बैक डोरी के साथ यू-आकार स्कैलप्ड किनारा डिजाइन करवा सकती है। इस तरह की नेकलाइन आपके लुक को गॉर्जियस बनाने हैं मदद करेंगी। आप इस तरह के ब्लाउज को किसी भी टेलर से बनवा सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

बहनें तो अपना ध्यान रख लेंगी लेकिन भाईयों को चाहिए कुछ खास टिप्स

## भाई ऐसे हों तैयार, देखकर बहनें उतारेंगी नजर

रक्षाबंधन के त्यौहार के लिए लड़कियां काफी उत्साहित रहती हैं। इसके लिए वह पहले से ही अपने लिए काफी खरीदारी करते हैं। इसमें ट्रेंडी आउटफिट, ज्वेलरी और फुटवियर भी शामिल होता है। हर लड़की चाहती है कि वह रक्षाबंधन के दिन सबसे खूबसूरत दिखें। इसकी वजह है कि राखी का त्यौहार साल भर में एक बार आता है और यह हर भाई-बहन के लिए बेहद खास होता है। बहनें तो इस दिन खास दिखने के लिए तैयारी कर लेती है लेकिन लड़कों को समझ नहीं आता कि वह कैसे तैयार हों और कैसे कपड़े पहनें।

हर लड़का चाहता है कि जब उसकी बहन उसकी कलाई पर राखी बांधे और यह पल जब कैमरे में कैद हो तो वह खुद भी अच्छा दिखे। ऐसे में लड़कों के लिए भी हैंडसम दिखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिनको अपना कर आप भी रक्षाबंधन के दिन हैंडसम देख पाएंगे। अगर आप बताई गई टिप्स को फॉलो करके तैयार होंगे और ट्रेंडी कपड़े पहनेंगे तो आपकी बहनें भी आपकी नजर उतरेंगी।



### करें ग्रूमिंग

राखी के दिन तैयार होने के लिए सबसे पहले शेव करें और बालों को सही से सेट कर लें। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी।

### फेस वॉश

राखी के लिए तैयार होने से पहले चेहरे को सही से साफ कर लें, ताकि त्वचा पर किसी तरह की गंदगी ना हो। इसके साथ ही अपने चेहरे को मॉइश्चराइज जरूर करें।

पहनें इस तरह का आउटफिट

राखी के त्योहार पर हैंडसम दिखने के लिए अगर आप चाहें इस तरह का लुक कैरी कर सकते हैं। धोती-कुर्ता के साथ ये जैकेट आपके लुक को पूरा करने में मदद करेगी।

पहन सकते हैं कुर्ता और पैंट

अगर आप धोती कुर्ता पहनना नहीं चाहते तो इस तरह का कुर्ता और पैंट कैरी करें। ये भी देखने में स्टाइलिश लगता है। इसे पहनकर आपकी तस्वीरें भी अच्छी आएंगी।

